
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी




रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए.....



जाह्नवी बुरी तरह हुई ....


वर्ष : 10 | अंक : 197 | लखनऊ, 27 जून, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# सीएम योगी ने प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगों का किया अनावरण

## गत वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश पहुंचे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है। यहां पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी।500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

### हेरिटेज व ईको टूरिज्म की भी संभावनाएं

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें। उसकी आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल मिलेंगे। 15 हजार वर्गकिमी. का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं।

चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े, मनोरंजन और ज्ञानवर्धन हो, अतीत व इतिहास के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो। साथ ही भावी चेतावनी के प्रति हम सभी जागरूक हो सकें, इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।

### लंबे समय तक याद आएगी जून की गर्मी

सीएम योगी ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई।



### कुकरैल नदी को करेंगे जीवित

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बना रहे हैं। इसके पहले कुकरैल नदी को जीवित करेंगे। कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। पीलीभीत से निकलकर वाराणसी में मां गंगा के साथ इसका मिलन होता है, लेकिन कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया। चार दशक में कब्जा इतना बढ़ गया कि न केवल यह नदी, बल्कि पर्यावरण के लिए चुनौती बन गया। हम लोगों ने कुकरैल को नदी बनाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी। आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटाया। दोषियों को दंडित किया और कइयों को पुनर्वास किया। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। ईको टूरिज्म डवलपमेंट बोर्ड आगाह कर रहा है कि मनोरंजन व ज्ञानवर्धन के लिए हम प्रकृति के उपहार का उपयोग करें, लेकिन भावी पीढ़ी को लंबे समय तक उपहार मिलता रहे। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हमें लेनी पड़ेगी।

### पर्यटकों के आने से होता है रोजगार सृजन

सीएम ने कहा कि जब टूरिस्ट आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग-अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं। प्रकृति को देखकर लोग जानते हैं कि यहां सब वास्तविक है, कुछ भी आर्टिफिशियल नहीं है। सीएम ने कहा कि दूधवा में जंगल के बीच गया तो देखा कि लखनऊ का तापमान 42 है और दूधवा का 35 के आसपास। प्रकृति का यह सानिध्य इशारा करता है कि पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए तो आने वाले समय में लाभ प्राप्त होगा।

### कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रारंभ किए प्रयास

सीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रयास प्रारंभ किए हैं। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने जा रहे हैं। पिछली बार इस क्षेत्र में होलीडे ट्रेन चलाने की व्यवस्था रेलवे के माध्यम से प्रारंभ की। इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है। स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करें। वहां बनने वाली सुविधाओं से जोड़ें तो ईको टूरिज्म को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि के जरिए हम सशक्त बनने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। यह अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन सकता है। यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज टूरिज्म के लिए भी कार्य हुए। बुंदेलखंड के किलों या जहां-तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को कहीं होटल के रूप में तो कहीं टूरिज्म डवलपमेंट की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास प्रारंभ किए हैं।

### यूपी के जनपदों में अलग-अलग संभावनाएं

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के जनपदों में अलग-अलग संभावनाएं हैं। ईको क्षेत्र में टूरिज्म डवलपमेंट का नया बोर्ड सरकार ने गठित किया है। यह नई संभावनाओं को बढ़ाएगा। काशी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन में स्प्रिचुअल दृष्टि से होम स्टे की व्यवस्था करते हैं तो यही कार्य ईको टूरिज्म को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में करें, इससे ग्रामीणों के लिए भी रोजगार सृजन की संभावना भी बनेगी।

### ईको टूरिज्म को बढ़ाने में होंगे सफल

बांदा के कालिंजर, जालौन व बस्ती में ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ हुए हैं। यह संभावना पीलीभीत, खीरी, बहराइच, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट समेत कई जनपदों में भी बन सकती है, जहां पहले से ईको सिस्टम मौजूद है। सरकार कनेक्टिवटी और पॉलिसी के तहत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा सकती है।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 43.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,077/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 75,410.39 |
| निफटी | 22,957.10 |

# पंजाब सरकार ने पराली जलाने पर रोक के लिए 500 करोड़ रुपये की कार्य योजना बनाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब सरकार ने राज्य में पराली जलाने पर रोक लगाने के मकसद से किसानों को मशीनरी उपलब्ध कराने और अन्य उपाय करने के लिए 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक कार्य योजना तैयार की है। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बुधवार को यह जानकारी दी। खुड्डियां ने कहा कि कृषि विभाग को खरीफ मौसम 2024 के दौरान विभिन्न फसल अवशिष्ट प्रबंधन (सीआरएम) मशीनरी पर सब्सिडी पाने के लिए किसानों, सहकारी समितियों और पंचायतों से 21,511 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पंजाब के कृषि मंत्री ने एक सरकारी बयान में कहा कि किसानों ने 63,697 मशीनों के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि किसान सीआरएम उपकरण की व्यक्तिगत खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं, जबकि सहकारी समितियां और पंचायतें 80 प्रतिशत सब्सिडी लाभ ले सकती हैं। इस योजना के तहत सुपर एसएमएस, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चॉपर, श्रेडर, मल्चर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल मोल्ड बोर्ड हल और इन-सीटू प्रबंधन के लिए जीरो टिल ड्रिल तथा एक्स-सीटू मशीनों में बेलर और रेक उपकरणों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब से अब तक 63 लोगों की मौत, विधानसभा में उठा मुद्दा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तमिलनाडु में जहरीली अवैध शराब के सेवन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। अस्पताल में कई पीड़ितों ने जहरीली शराब के कारण दम तोड़ दिया। तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर तैयार अरक पेय में जहरीला मेथनॉल मिलाया गया था, जिससे अवैध शराब पीने के कुछ ही घंटों के भीतर कई लोगों की मौत हो गई।



100 से अधिक लोगों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ लोग इतने बीमार थे कि डॉक्टरों द्वारा उन्हें बचाया नहीं जा सका। एएफपी के एक फोटोग्राफर, जिन्होंने मौतों की पहली लहर के दौरान बुरी तरह प्रभावित कल्लाकुरिची जिले का दौरा किया था। उसने बताया कि कैसे अंतिम संस्कार की चिताओं से उठने वाले धुएं के गुबार से आसमान काला हो गया था, और रोते-बिलखते रिश्तेदार शोक मनाने के लिए इकट्ठा हो गए थे। भारत में हर साल बैकस्ट्रीट डिस्टिलरीज में बनी सस्ती शराब से सैकड़ों लोग मर जाते हैं, लेकिन यह विषाक्तता हाल के वर्षों में सबसे खराब शराब में से एक है।

इस घटना को लेकर संसद में भी हंगामा देखने को मिला। विपक्षी अन्नाद्रमुक के विधायकों को मंगलवार को सदन में अराजकता पैदा करने के लिए तमिलनाडु विधानसभा से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। स्टालिन ने कहा कि उन्हें चर्चा के लिए वहीं रुकना चाहिए था। वे जानबूझकर अराजकता पैदा करना चाहते थे।' मजबूरन स्पीकर को उन्हें विधानसभा से बाहर निकालना पड़ा। मैंने अध्यक्ष से कल्लाकुरिची पर चर्चा के लिए विपक्ष को उपस्थित रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भिवाड़ी में कारखाने में आग लगने से चार लोगों की मौत, 10 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी इलाके में कारखाने में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (तिजारा) शिवराज सिंह ने बताया कि कारखाने में मंगलवार देर शाम आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया लेकिन वहां धुआं होने के कारण दमकलकर्मी अंदर नहीं जा सके, देर रात कारखाने से तीन और शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि दो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वहीं दो शवों को घटनास्थल से निकालने की प्रक्रिया चल रही है। यह हादसा मंगलवार शाम खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक दवा कारखाने में हुआ। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 2 जुलाई को तलब किया है। मानहानि के मामले में राहुल गांधी बीते 20 फरवरी से जमानत पर चल रहे हैं। अब कोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले राहुल 20 फरवरी को अमेठी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर कोर्ट में पेश हुए थे.

# मथुरा-काशी की लड़ाई लड़ने वाले वकील ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## ओवैसी को लोकसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा लोकसभा में 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाने के एक दिन बाद, उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग बढ़ने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता हरि शंकर जैन ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 का हवाला देते हुए असदुद्दीन ओवैसी को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू के समक्ष शिकायत दर्ज की है।



वकील हरि शंकर जैन ने कहा कि इससे साबित होता है कि उनका फि लिस्तीन से संबंध है और वे फि लिस्तीन से प्रभावित और दबाव में हैं...एक नागरिक के तौर पर मुझे इस तरह की चीज को खत्म करना होगा।₹ राष्ट्रपति को लिखे पत्र में, हरि शंकर ने कहा, असदुद्दीन ओवैसी ने जो नारा लगाया है वह देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है. यह एक अत्यंत गंभीर और महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के साथ पठित अनुच्छेद 102 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल ध्यान देने और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

हरि शंकर जैन ने बुधवार को बताया, अगर कोई व्यक्ति भारत के बजाय किसी अन्य देश के प्रति समर्पित है, तो उसे किसी भी संवैधानिक पद पर रहने का अधिकार नहीं है।₹ हैदराबाद के सांसद ने मंगलवार को उर्दू में शपथ ली। शपथ लेने के बाद, ओवैसी ने संविधान निमार्ता, बीआर अंबेडकर, उनके राज्य तेलंगाना की सराहना करना जारी रखा और 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया, जिससे सत्ता पक्ष में हंगामा शुरू हो गया। बीजेपी सांसदों की आपत्ति के बाद, औवेसी ने अपने कृत्य का बचाव करते हुए सदन के बाहर मीडिया से कहा कि ₹जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन₹ कहने में कुछ भी गलत नहीं है।

# हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं : जयराम ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पर निशाना साधा और कहा कि वह मुख्यमंत्री की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। ठाकुर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पास नौ भाजपा विधायकों को अयोग्य ठहराने का कोई अधिकार नहीं है, जिन्होंने केवल सरकार के खिलाफ नारे लगाए। ठाकुर ने इस साल मार्च में भाजपा के नौ विधायकों को नोटिस जारी करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही।

बजट सत्र के दौरान कुछ भाजपा सदस्यों ने कथित तौर पर आसन का अनादर किया था और सदन में कागज फाड़ दिए थे, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें नोटिस जारी किया था। ठाकुर ने पठानिया पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि विधानसभा अध्यक्ष को कुछ पद देने का वादा किया गया है। भाजपा नेता ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार केवल सत्ता बरकरार रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इसके अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

# अरविंद केजरीवाल को लगा बड़ा झटका

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया है। इसके पहले आज ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अरविंद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए अदालत से केजरीवाल को पांच दिन के लिए उसकी हिरासत में भेजने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, सीबीआई को तीन दिन की हिरासत मिली है। केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) ने सीबीआई की कार्रवाई की तीखी आलोचना की है. राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र पर केजरीवाल के




खिलाफ फर्जी मामला बनाने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ₹पूरा देश इसे देख सकता है और अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुटता से खड़ा है।₹ 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को 20 जून को दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी थी। हालांकि, ईडी ने इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसने बाद में 21 जून को जमानत पर रोक लगा दी और 25 जून के लिए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इसके बाद केजरीवाल की कानूनी टीम ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसने तत्काल निर्णय जारी करने के बजाय उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करने की सलाह दी।

# अयोध्या राम मंदिर के अधिकारी ने कहा- छत से कोई रिसाव नहीं हुआ, पानी तारों के लिए लगाए गए पाइप से आया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को मंदिर के मुख्य पुजारी के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने गर्भगृह से निकलने वाले वर्षा जल के रिसाव के बारे में बताया था। मिश्रा ने कहा, ₹पानी का कोई रिसाव नहीं हुआ था, बल्कि बिजली के तार लगाने के लिए लगाए गए पाइप से बारिश का पानी नीचे आया था।₹ उन्होंने कहा, ₹मैंने खुद मंदिर के निर्माण का निरीक्षण किया है। दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा है।₹ मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ₹जब दूसरी मंजिल की छत का निर्माण हो जाएगा, तब मंदिर में बारिश का पानी घुसना बंद हो जाएगा।₹

मंदिर निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को आरोप लगाया था कि शनिवार आधी रात को हुई बारिश के बाद मंदिर परिसर से बारिश के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी और मंदिर के अधिकारियों से आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया था। दास ने मंदिर अधिकारियों से घटना का संज्ञान लेने और रिसाव को रोकने और मंदिर से पानी का निकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा था।



उन्होंने दावा किया था कि शनिवार आधी रात को हुई पहली भारी बारिश में मंदिर के गर्भगृह की छत से भारी रिसाव हुआ था। उन्होंने कहा था कि बारिश का पानी उस स्थान के ठीक ऊपर की छत से लीक हो रहा था, जहां पुजारी राम लला की मूर्ति के सामने बैठते हैं और जहां लोग वीआईपी 'दर्शन' के लिए आते हैं। उन्होंने कहा, ₹यह बहुत आश्चर्यजनक है कि देश भर के इंजीनियर राम मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को हुआ था। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि अगर बारिश हुई तो छत टपकेगी। उन्होंने कहा, ₹यह आश्चर्यजनक है कि विश्व प्रसिद्ध मंदिर की छत टपक रही है। ऐसा क्यों हुआ उन्होंने कहा कि इतने बड़े इंजीनियरों की मौजूदगी में ऐसी घटना हो रही है, जो बहुत गलत है। मिश्रा ने कहा कि छत पर अस्थायी निर्माण करके श्रद्धालुओं को पानी और धूप से बचाने के उपाय किए गए हैं। मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में मिश्रा ने कहा कि पहली मंजिल पर काम चल रहा है और इस साल जुलाई तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर तक मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

## संक्षेप

### शासन में चल रहे है ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर बड़ा खेल

**उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने दिया सासन को पत्र**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । शाशन में चल रहा ट्रांसफर पोस्टिंग में बड़ा खेल, सूत्रों की माने तो माननीय मुख्य मंत्री जी के निर्देश है कि जिन अनुभाग अधिकारियों को 1 विभाग अथवा पटल पर 5 वर्ष के अधिक समय व्यतीत हो गया है उनका स्थानाथरण कर दिया जाए परंतु सचिवालय प्रशासन द्वारा कुछ खास पकड़ रखने वाले अनुभाग अधिकारियों का स्थानांतरण 10 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद भी नहीं किया जा रहा, मामला है पंचायती राज विभाग का जहां अधिकारी प्रमोशन के बाद भी जमे हुए है अपनी पहुँच के बल पर, उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन की लिखित सिकायत के बाद भी कुछ अनुभाग अधिकारियों/समीक्षा अधिकारियों को 8-10 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद भी उसी पटल एवं अनुभाग में तैनात रखा गया है, कुछ अनुभाग अधिकारियों के विरुद्ध कई बार आईजीआरसी एंड अन्य मध्यानों से सिकायत भी की गए परंतु सचिवालय प्रशासन द्वारा पंचायती राज के अधिकारियों के लिय कोई कार्यवाही नहीं की गए।

### संचारी रोग नियन्त्रण अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन ने बुलाई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । संचारी रोग नियन्त्रण अभियान को लेकर बुधवार को चेयरमैन गनेश रावत व अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा की अध्यक्षता में नगर पंचायत बख्शी का तालाब के सभागार में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में नगर पंचायत के सभी सभासद , डीएमसी ज्योत्सना सिंह , वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक बीके गौतम , हेल्थ सुपरवाइजर सीएचसी बीकेटी उत्तम कुमार , एचडब्लू अरविन्द्र सिंह , यूनिसेफ ब्लांक कोडिनेटर महेश , जितेन्द्र कुमार पाण्डेय कम्प्यूटर ऑपरेटर , सुपरवाइजर , ड्राइवर उपस्थित रहे । बैठक में चेयरमैन गनेश रावत ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाना है । इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग

### खुशखबरी! यूपी के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिलेंगी अल्ट्रासाउंड मशीनें, ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष फोकस

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में आने वाले रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें इस पर पूरा जोर दिया जा रहा है। 12 सीएचसी को अल्ट्रासाउंड मशीनें जल्द दी जाएंगी। जिन सीएचसी को यह मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी उनमें फिरोजाबाद की एका, धनपुरा व जसराना, कानपुर देहात की रसूलाबाद, लखनऊ की गुडंबा व नगराम, अंबेडकरनगर की टांडा, गाजियाबाद की लोनी व मुरादनगर, कौशांबी की कनौली, प्रतापगढ़ की कुंडा और रायबरेली की लालगंज सीएचसी शामिल हैं। प्रत्येक सीएचसी पर एक-एक अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदी जाएगी। प्रत्येक मशीन की कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुल 1.19 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। वहीं अब लोगों को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर के नजदीकी अस्पताल में ही दांत के उपचार की भी बेहतर सुविधा दी जाएगी। प्रदेश भर में 150 सीएचसी को डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन जिलों की सीएचसी को डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएंगी उनमें मेरठ, आगरा, बुलंदशहर, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, अयोध्या, शामली और बिजनौर इत्यादि जिले शामिल हैं। प्रत्येक डेंटल चेयर 2.80 लाख रुपये कीमत की होगी। इसके लिए कुल 4.20 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

# एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस होगा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, यूपीडा ने मांगे आवेदन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आवेदन मांगे हैं। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर की स्थापना भी की जाएगी।

बुंदलखंड एक्सप्रेसवे की ट्रैफिक मैनेजमेंट कंट्रोल (टीएमसी) यूनिट 360 टेराबाइट रिकॉर्डिंग सर्वर स्टोरेज से लैस होगी। इसके अलावा बैकअप रिकॉर्डिंग के लिए भी 240-टेराबाइट का सर्वर स्टोरेज होगा। टीएमसी यूनिट में सुविधा निगरानी प्रणाली नियंत्रक, ग्राफिक डिस्प्ले, इंटरनेट और एसएमएस सर्वर, फाइबर चैनल होस्ट और यूएसबी जायस्टिक-नियंत्रित पीटीजेड कैमरे की सुविधा होगी।

#### सौर ऊर्जा से संचालित होंगे कैमरे

इसे आपातकालीन टेलीफोन हेल्पलाइन, कर्मचारियों के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन, प्रोटेक्शन डिवाइस, लाइटनिंग प्रोटेक्शन यूनिट, उन्नत ड्राइवर सलाहकार प्रणाली और जीपीएस ट्रैकर सहित 890 कैमरों से भी युक्त किया जाएगा। एक्सप्रेसवे पर सीसीटीवी के साथ पीटीजेड कैमरे लगाए जाएंगे। ये विशेष कैमरे सौर ऊर्जा से संचालित होंगे और एक बार चार्ज करने पर 96 घंटे तक काम कर सकते हैं।

#### वाहनों की गति पर भी रखी जाएगी निगाह

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमरे और वाहन गति डिटेक्शन सिस्टम लगाए जाएंगे। इससे तेज गति से चलने वाले वाहनों के लिए अलर्ट जारी किया जा सकेगा और नियंत्रण कक्ष उन्हें तुरंत ट्रैक कर सकेगा। 90-मीटर रेंज वाले स्पीड डिटेक्शन रडार भी स्थापित किए जाएंगे।

#### पांच वर्ष के लिए आवंटित होगा कार्य

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एटीएमएस युक्त बनाने के लिए यूपीडा ने रिक्वेस्ट फार क्वालिफिकेशन (आरएफक्यू) व रिक्वेस्ट फार प्रजोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए नियुक्त होने वाली एजेंसी द्वारा ही इन सभी कार्यों को यूपीडा के अधिकारियों की देखरेख में पूरा किया जाएगा।

# यूपी में बिजली विभाग का ताबड़तोड़ कार्रवाई, कई इलाकों में चला चेकिंग अभियान, चोरों की शामत

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बिजली विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में बुधवार को कई मुहल्लों में बिजली चोर पकड़े गए। अमीनाबाद के ख्यालीगंज में चेकिंग करते हुए उपखंड अधिकारी पुरुषोत्तम ने 15 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। मीटर बाईपास करके बिजली चोरी कर रहे थे। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

बिजली चोरों से सख्ती से निपटने के लिए जल्द ही पीएसी के साथ घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कंबिंग की जाएगी। राजाजीपुरम के न्यू पाल तिराहा, किशोर नगर में छह किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। इसी तरह विक्टोरिया उपकेंद्र से संबंधित मंसूर नगर, सरफराजगंज, जिन्नातों वाली मस्जिद में अभियान चला। यहां भी बिजली चोर कटिया लगाए हुए मिले। इसी तरह बालाघाट उपकेंद्र से संबंधित मल्लपुरम में अनियमितता मिली और रेजीडेंसी के रानीगंज व आसपास क्षेत्र में सात बिजली चोर पकड़े गए। पक्का पुल व जानकीपुरम में रहेगा बिजली संकट जर्जर केबल बदले जाने के कारण जानकीपुरम विस्तार और सेक्टर आई उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र में सुलतानपुर वृद्धा आश्रम, अलीशा नगर, जानकीपुरम में बिजली संकट रहेगा। अहिबरनपुर डालीगंज में पक्का पुल से संबंधित मसांची टोला, गुलजार शाह मजार के आसपास बिजली से जुड़ा कार्य होगा। दोनों स्थानों पर बिजली संकट सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक रहेगा। विकास नगर उपकेंद्र से संबंधित केशव नगर में भी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली संकट रहेगा।

# ईडी ने हेलो राइड संचालकों की 5.35 करोड़ की और संपत्तियां की जब्त

**बाइक-टैक्सी स्कीम का झांसा देकर की थी ठगी**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से ठगी के मामले में हेलो राइड कंपनी के निवेशकों की 5.3 करोड़ रुपये की और संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी के अनुसार, इनमें प्रयागराज, कानपुर व लखनऊ में स्थित 20 अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने इससे पूर्व दिसंबर 2023 में हेला राइड के संचालकों की लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित 20 कृषि भूमि जब्त की थीं, जिनकी कुल कीमत 2.28 करोड़ रुपये थी। ईडी ने हेला राइड कंपनी के संचालक अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडेय, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता व अन्य के विरुद्ध मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। हेला रोड संचालकों ने बाइक टैक्सी स्कीम चलाकर निवेशकों को आकर्षक योजनाओं का झांसा देकर 72 करोड़ रुपये से अधिक रकम ठगी थी। निवेशकों ने वर्ष 2019 में लखनऊ व अन्य जिलों में हेलो राइड संचालकों के विरुद्ध धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज कराए थे। ईडी ने उन मुकदमों को आधार बनाकर अपनी जांच शुरू की थी। सामने आया था कि कंपनी संचालकों ने एक बाइक में 61 हजार रुपये का निवेश करने पर एक वर्ष तक प्रतिमाह 9,585 रुपये का भुगतान किए जाने की आकर्षक योजना शुरू की थी। झांसे में आकर बड़ी संख्या में लोगों निवेश किया था और बाद में कंपनी संचालक भाग निकले थे। ईडी ने मामले में अब तक कुल 7.73 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं।




# कब्रिस्तान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण जारी

**(ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणो का आरोप एसडीएम से शिकायत के बाद भी नही रूका अवैध निर्माण, मंडलायुक्त, डीएम व सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर कार्यवाही के लिये दर्ज करायी शिकायत)**



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। सरकारी जमीनो से अवैध कब्जे हटने का नाम नही ले रहे है. अफसरो व राजस्वकर्मियो की लापरवाही से सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का एंटी भूमाफिया अभियान राजधानी के मोहनलालगंज तहसील में ही फेल होता नजर आ रहा है ।ग्राम प्रधानो समेत ग्रामीणो की सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जे की शिकायतो पर कार्यवाही की बजाय अफसर व राजस्वकर्मी ठंडे बस्ते में डाल दे रहे है ।जिसके चलते अवैध कब्जाधारक बेधड़क होकर सुरक्षित सरकारी जमीनो पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं. मोहनलालगंज तहसील के परसपुर ठुठा गांव में कब्रिस्तान व ग्राम समाज की सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराये जाने की महिला ग्राम प्रधान समेत दर्जनो ग्रामीणो ने एसडीएम, मंडलायुक्त समेत सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की ।लेकिन शिकायत के एक माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी लापरवाह अफसरो ने सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा हटाने की जहमत नही उठायी ।बस कागजो में एक दूसरे को अवैध कब्जा हटाने का निर्देश आदेश देते रहे ।प्रधान राजवती ने बताया उनकी ग्राम पंचायत में स्थित खसरा स०38 रकबा-0.710हेक्टेयर भूमि सरकारी अभिलेखो में सुरक्षित कब्रिस्तान दर्ज है समेत अन्य सरकारी जमीनो पर गांव के कुछएक लोगो ने कब्जा कर अवैध पक्का निर्माण शुरू कर दिया.13जून को एसडीएम मोहनलालगंज से लिखित शिकायत कर सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा हटाने की मांग की गयी जिसके बाद भी हल्का लेखपाल ने अवैध कब्जेदार के प्रभाव में आकर कोई कार्यवाही नही की ।प्रधान राजवती ने बताया तहसील प्रशासन द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही ना होने पर मंडलायुक्त, डीएम समेत सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा हटाये जाने की मांग की गयी हैं।

# जादूगर राकेश ने बताया नशा नाश का दूजा नाम





**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ , मादक पदार्थों का दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आज बौद्ध संस्थान प्रेक्षागृह में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के मद्यनिषेध एवं आभारी मंत्री नितिन अग्रवाल के साथ ही प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरि ओम जी की गरिमामयी उपस्थिति में मशहूर जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अपनी रोचक जादू कला द्वारा लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की सीख दी , जादूगर राकेश ने शराब की बोतल को गायब कर सभी को हैरत में डाल दिया , इसके अलावा लड़की के शरीर में 12 तलवारें आरपार भेदकर उपस्थित दर्शकों को अचंभित कर दिया , तलवार मुंह में चबा लेना किसी के पेट से दूध निकाल देना आदि अनेक मनोरंजक जादू कार्यक्रम दिखाते हुए अंत में अपना रोचक आईटम हम सब एक हैं को भी प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं , कार्यक्रम का समापन राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आर एल राजवंशी ने किया ।

# विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ में एम.एस.सी. नर्सिंग छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के अर्न्तगत सन् 1987 से जी.एन.एम. डिप्लोमा विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक स्कूल ऑफ नर्सिंग संचालित हो रहा है। इसके बाद इस डिप्लोमा कार्यक्रम के साथ ही साथ संस्था ने सन्-2005 से के.जी.एम.यू. के तहत बी.एस.सी. नर्सिंग डिग्री कार्यक्रम शुरू कर दिया गया। संयोग से विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग बी.एस.सी नर्सिंग कार्यक्रम शुरू करने वाला लखनऊ का पहला नर्सिंग कॉलेज है। सन्-2016 से चार विषयों में एम.एससी. नर्सिंग कोर्स संचालित किया जा रहा है जिसमें (मेडिकल सर्जिकल, स्त्री एवं प्रसूति, चाइल्ड हेल्थ व कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग) प्रत्येक विषय में 4 शीट हैं। दुर्भाग्य से यह देखा गया है कि कई नर्सिंग उम्मीदवार मुख्य रूप से अपनी वित्तीय बाधाओं के कारण इस कार्यक्रम के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि समाज या देश का विकास महिलाओं की स्थिति के विकास पर निर्भर करता है। *सत्र 2024-25 से नर्सिंग के वे अभ्यर्थी जो अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रवेश परीक्षा में सफल हुए है उन्हें पूरे 2 साल के कोर्स के लिए 3 लाख रुपये का छात्रवृत्ति दिया जाएगा, जिसमें से वे अपनी कोर्स फीस 72000 रुपये प्रति वर्ष का पूरा भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, उसी छात्रवृत्ति के बचे हुए रुपए से 6500 रुपये प्रति माह अतिरिक्त व्यक्तिगत खर्चों को पूरा करने के लिए दिया जाएगा। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने सभी योग्य उम्मीदवारों को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने और बेहतर सशक्तिकरण और उत्कृष्टता की दिशा में अपने जीवन को समृद्ध करने के लिए आमंत्रित किया हैं। राज्य सरकार के आदर्श वाक्य बेटी बचाओ - बेटियां पढ़ाओ कार्यक्रम के अनुरूप इसे जोड़ने में मूल रूप से प्रयासरत रहती है।

# बेटे बहू ने बुजुर्ग मां बाप को दिखाया वृद्धाश्रम का रास्ता

**आशियाना पुलिस ने बेटे बहू से जिद्दोजहद के बाद बुजुर्ग मां बाप को घर में दिलाया दाखिला**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ । आधुनिक समाज की चकाचौंध ने रिश्तों की परिभाषा ही बदल कर रखदी है ।अपने खून पसीने की कमाई अपने बच्चों की खुशियों पर न्योछावर कर देने वाले मांबाप के ऊपर क्या गुजराती है जब विवाह के बाद पत्नी का साथ पाकर बेटा अपने बुजुर्ग और असहाय मांबाप को वृद्धाआश्रम की राह दिखा देता है ।ऐसी ही अमानवीय घटना राजधानी के आशियाना थाना क्षेत्र में घटित हुई जहां बेटे ने शादी होते ही बूढ़े मांबाप की जरूरतों से आंखें मोंड़ लीं ।मांबाप पर पत्नी से दहेज प्रथा का झूठा मुकदमा लिखवा कर मन नहीं भरा तो घर से बाहर कर वृद्धाआश्रम जाने का रास्ता दिखा दिया ।कासगंज चीनी मिल से सेवानिवृत्त बुजुर्ग वीरेंद्र मिश्रा अपना दर्द सुनाते हुए फफक पड़े और रोते हुए उन्होंने बताया कि पिछले सोलह वर्षों से वो अपने खून पसीने की कमाई से बनाए गये किला मोहम्मदी के अपने ही घर में कुढन की जिन्दगी जीने पर मजबूर हैं ।उन्होंने बताया कि सोलह साल पहले लाड प्यार से पाले गये बेटे स्वतंत्र कुमार की शादी गांव के ही परिचित अशोक पाण्डेय की बेटी से करवा दी थी शादी के बाद से ही बहू गुंजन ने रूपरंग दिखाना शुरू कर दिया गुंजन ने बेटे स्वतंत्र को पूरी तरह वश में कर लिया और रोजाना मानसिक रूप से प्रताड़ित करती रही ।बुजुर्ग वीरेंद्र की पत्नी पुष्पा स्वांस रोग से पीड़ित हैं लेकिन बेटा स्वतंत्र मांबाप की इन परेशानियों और उनकी जरूरतों का भी कोई खयाल नहीं रखता

बुधवार को बहू और बेटे ने बूढ़े मां बाप को जबरदस्ती घर से निकाल कर बाहर कर दिया ।लाचार और बेबस बुजुर्ग दंपति की गुहार सुन आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह का कलेजा पसीज गया और वो उन्हें लेकर घर पहुंचे लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद वो बुजुर्ग मां बाप को घर में पनाह दिला पाए आशियाना पुलिस का यह सराहीन काम समाज मे पुलिस की एक अच्छी छवि पैदा करती है लोगो को पुलिस के प्रति विश्वास बना रहता है ।

# लापता युवक का सई नदी में उतराता मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**



निगोहां। अहिनवार गांव से तीन दिन पहले सदिंग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुये युवक का सई नदी में बुद्धवार की सुबह शव उतराता मिला ।उधर से गुजरे ग्रामीणो ने नदी में लापता युवक का शव उतराता देख परिजनो को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर परिजनो समेत ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गयी ।सूचना के बाद थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।निगोहां के अहिनवार गांव निवासी सुरेश कुमार ने बताया उनका बेटा प्रमोद यादव (32वर्ष) सोमवार की शाम घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नही आया जिसके बाद काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नही चल पा रहा था ।बुद्धवार की सुबह गांव के बाहर से गुजरी सई नदी में बेटे का शव उतराता देख उधर से गुजरे ग्रामीणो ने परिजनो को सूचना दी ।जिसके बाद परिजनो समेत ग्रामीणो की भारी भीड़ मौके पर पहुंच गयी ।सूचना के बाद थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि उनका बेटा प्रमोद शराब के नशे का आदी था, पांच वर्ष पहले बेटे का धूमधाम से विवाह किया था, लेकिन बेटे की अत्यधिक शराब पीने की लत से परेशान होकर पत्नी उसे छोड़कर चली गयी थी ।जिसके बाद से नशे का आदी बेटा की कई दिनो तक घर वापस नही आता था ।पिता ने अत्याधिक शराब पीने के चलते नदी में गिरकर बेटे की मौत होने की आंशका जताई है ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करते समय किसान हुआ बेहोश , फिर किसान की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। रमपुरा गांव में बुद्धवार को खेत मे कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा किसान अचानक से बेहोश होकर खेत में गिर पड़ा ।जिसके बाद आस-पास खेतो में मौजूद लोगो की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन बेहोशी की हालत में किसान को निजी वाहन से इलाज के लिये अस्पताल ले जाते समत रास्ते में मौत हो गयी ।परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक किसान के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

निगोहां के रमपुरा गांव निवासी निवासी घनश्याम (26वर्ष) खेती-किसानी करते थे, बहनोई सुखराम ने बताया बुधवार को साला घनश्याम अपने खेतो में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गये थे, और छिड़काव करते समय गश खाकर खेत में गिर गया ।खेत में उसे बेहोश पड़ा देख आसपास मौजूद लोगो ने परिजनो को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से इलाज के लिये अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में घनश्याम की मौत हो गयी ।परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किसान के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में खेतो में कीटनाशक दवाओ के छिड़काव करते समत दवाओ में मौजूद जहर के प्रभाव से मौत होने की आंशका है, पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# जालसाजी करने के दो आरोपियो पर दर्ज किया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। रायभानखेड़ा गांव निवासी ईश्वरदीन ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया अपनी कृषि योग्य भूमि की वसीयत रिश्तेदार महेश्वरी निवासी चौतरा मजरा मितौली आदमपुर थाना गोसाईगंज को करने के लिये बीती 23मार्च को मोहनलालगंज तहसील परिसर में बने सब रजिस्टार आफिस गया था, जहां उसके साथ धोखाधड़ी व जालसाजी करते हुये रिश्तेदार महेश्वरी ने वसीयत कराने की बजाय उक्त जमीन पवन कुमार निवासी पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज के नाम रजिस्ट्री करा दी ओर खुद गवाह बन गयी ।जिससे उसे शक ना हो ।30मार्च को जब उसने सब रजिस्टार आफिस में वसीयतनामे की कापी निकलवाने पहुंचा तो उसे रिश्तेदार द्वारा की गयी धोखाधड़ी का पता चला ।जिसके बाद उसके पैरो तले जमीन खिसक गयी ओर रिश्तेदार महेश्वरी को फोन कर विरोध जताया तो उसने किसी से भी कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर पर जांच में लगाये गये आरोप सही पाये जाने पर उच्चाधिकारी के आदेश के बाद जालसाज पवन व महेश्वरी के विरूद्व धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## संक्षेप

### जर्जर विद्युत लाइन से नगर वासी परेशान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका के एक वार्ड के नागरिकों ने बिजली अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर जर्जर बिजली लाइन को शीघ्र बदलवाने की मांग की है।नागरकों ने कहा है कि मोहर्रम का त्यौहार निकट है यदि जर्जर तारों को न बदला गया तो किसी अनहोनी घटना घटित होनें से इनकार नहीं किया जा सकता है।बांगरमऊ नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 8सराय मोहल्ले के सभासद आफाक अहमद और नागरिकों में अनूप गुप्ता, शिवनाथ गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रामकुमार, सज्जन बाजपेई, गोविंद गुप्ता, विमल अग्निहोत्री, दिनेश कुमार आदि नागरिकों नें अधिशाषी अभियंता को एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया है कि वार्ड सराय में जर्जर लाइन होने के कारण आए दिन तार टूटते रहते हैं जिससे वार्ड वासियों एवं नागरिकों की जान माल का खतरा बना रहता है और सभी वार्ड वासियों को इस भयंकर गर्मी है काफी परेशानियों को उठाना पड़ रहा है। इन पुरानी और जर्जर लाइनों को यदि शीघ्र ठीक न बदलवाया गया तो कुछ दिन बाद आ रहे मुहर्रम त्यौहार में किसी अनहोनी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। सभी नागरिकों ने समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र तार बदलवानें की मांग की है।

### निर्देश के बाद भी सूखे पड़े हुए हैं तालाब

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय ब्लाक में उच्चाधिकारियों के आदेश भी कर्मचारियों के ठेंगे पर होते हैं। ब्लाक की अधिकांश ग्राम सभाओं में तालाब नहीं भरे गए। मवेशी भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान हैं। अब तक वर्षा न होने से तालाबों में पानी नहीं है।जबकि ग्राम सभाओं में तमाम काम दिखाकर भुगतान होते रहते हैं जबकि हकीकत में देखा जाए और ग्राम सभाओं में स्थलीय जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी साफ नजर आ जायेगा। ग्राम सभाओं की समस्या पर बात करने पर ग्राम सचिवों द्वारा लगभग एक साल से यही रोना रोया जा रहा है कि पैसा नहीं है या अभी डोंगल नहीं चालू है या अभी खाते नहीं चल रहे हैं। जब इतनी समस्याएं ब्लाक में हैं। क्षेत्र में अधिकांश तालाबों में धूल उड़ती दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं हैंडपंपों की दशा भी नहीं सुधर पाई। गांवों में हैंडपंप बिगड़े पड़े हैं लोग पीने के पानी के लिए भटकते रहते हैं। लेकिन क्या मजाल जो ब्लाक कर्मियों और गांवों के जनप्रतिनिधियों के कान में जूं रेंग जाए। यदि ऐसा ही ब्लाक की कार्यशैली, ग्राम सचिवों का मनमानापन, और प्रधानों की जनता के प्रति संवेदनशीलता रही तो ग्रामीणों की उच्च स्तर तक सुनवाई होने का जो विश्वास है उस पर भी प्रश्न चिन्ह लग जायेगा और शासन की विकास की मंशा धरी की धरी रह जायेगी। बहरहाल अभी तालाबों में पानी न होने से मवेशी परेशान हैं और हैंडपंप खराब होने से ग्रामीण परेशान हैं। इनमें कुछ तालाब अमृत सरोवर योजना के भी हैं।

## आरक्षण के जनक की मनाई गई 151वी जयंती



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस द्वारा आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज जी की 151 वी जयंती कार्यक्रम स्थान एस आर मैरिज लॉन आदर्श नगर उन्नाव में समय लगभग 11:00 बजे आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल एस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार पाल उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में बौद्धिक मंच के प्रदेश महासचिव हरी शंकर भाई पटेल भी मौजूद रहे । सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं से साहू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जी ने एन डी ए की जीत पर सभी कार्यकताओं को बधाई दी तथा साहू जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि उन्होंने समता मूलक समाज की स्थापना की, प्राथमिक शिक्षा की अगुवाई की, बाल विवाह पर रोक लगाई, विधवा विवाह को सम्मान दिया, शोषितों वंचितो की आवाज को बुलंद किया तथा सामाजिक न्याय के पुरोधा रहे और आरक्षण के जनक कहलाए। हरी शंकर भाई पटेल ने कहा कि साहू जी हमेशा ही गरीब किसान कमेरों की लड़ाई लड़ते रहे और कोल्हापुर रियासत के मराठा साम्राज्य की गद्दी को संभालते हुए सामाजिक न्याय के पुरोधा बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक मंच के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश साहू, व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ बौद्ध, युवा मंच के जिला अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, जिला उपाध्यक्ष विकास राजपूत, जिला महासचिव चौधरी जितेंद्र पटेल, विकास पटेल विधानसभा अध्यक्ष बांगरमऊ, मनोज पटेल विधानसभा अध्यक्ष भगवंतनगर नगर तथा विधानसभा अध्यक्ष सफीपुर आशुतोष चौहान ने भी संबोधित किया। मुख्य रूप से चिकित्सा मंच के जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी, जिला अध्यक्ष एस सी/एस टी कुलदीप कुमार, जिला कोषाध्यक्ष पटेल रामराज चेतन,मंच जिला उपाध्यक्ष संजय पांडे उर्फ बॉबी, महिला मंच की नगर अध्यक्ष कल्पना पटेल, महिला मंच के जिला अध्यक्ष साधना पटेल, बेचेलाल दिवाकर गोपाल पटेल, सरोज तिवारी, राम सिंह कनौजिया, मूसा अंसारी,मुकेश आर्य, अमन शर्मा, जोन अध्यक्ष विनोद कटियार, सूरज बली गौतम, सुबोध यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोधेश्वर सेवा समिति के द्वारा श्री हनुमान चालीसा व श्री राम स्तुति की गई



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में श्री बोधेश्वर सेवा समिति के द्वारा श्री हनुमान चालीसा व श्री राम स्तुति कार्यक्रम मंगलवार को बोधेश्वर सेवा समिति के किसी सदस्य के यहां किया जाता है यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है इसी क्रम में कल मंगलवार को हनुमान भक्त विकास गुप्ता के यहां श्री हनुमान चालीसा पाठ व श्री राम स्तुति कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।जिसमें बांगरमऊ के सरल स्वभाव के विधायक श्रीकांत कटियार बोधेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष चौधरी संजीव कुमार, बांगरमऊ नगर के विद्वान पंडित भागवताचार्य पंडित सतीश कुमार त्रिपाठी ,चौधरी राजीव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता , उपाध्यक्ष रस्तोगी जी दशकों से ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर राज करने वाले अर्जुन लाल, अजय तिवारी , बोधेश्वर सेवा समिति मीडिया प्रभारी अनमोल कुमार श्रीवास्तव मुकुंद गुप्ता , राजू गुप्ता ,जुगल गुप्ता , सुनील श्रीवास्तव , विनय गुप्ता, संतोष गुप्ता, के साथ-साथ बोधेश्वर सेवा समिति के सभी सदस्यों ने भजन कीर्तन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया भर्जन कीर्तन समापन होने के बाद सभी को जलपान कराकर प्रसाद वितरण किया गया।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षको के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आर डी एस मेमोरियल स्कूल के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत अंतर्गत सभी बेसिक प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल द्वारा डीबीटी आधार वैरीफिकेशन, नवीन नामांकन व शारदा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं उपस्थिति आदि कुल 15 विंदुओं के तहत गहन समीक्षा की गई।

बैठक में एबीएसए पटेल ने सभी प्रधान एवं इंचार्ज शिक्षकों से आपरेशन कायाकल्प अंतर्गत कराए गए कार्यों के बाबत गहन पूछताछ की। साथ ही कंपोजिट ग्रांट से संपन्न वैकासिक कार्यों की भी चर्चा कर प्रगति की जानकारी हासिल की और अधूरे कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा पटेल ने निपुण लक्ष्य की प्राप्ति, विभिन्न पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, विद्युत बिल, विद्युत मीटर, पोषण बाटिका व किचन गार्डन की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस विशेष बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर प्रोमोटेड छात्र छात्राओं के वैरीफिकेशन तथा नवीन छात्र छात्राओं के रजिस्ट्रेशन पर विशेष जोर दिया। बैठक में अमित कुमार, अखिलेश, वंदना पाल, छत्रपाल व रमेश कुमार सभी पांचों एआरपी सहित ब्लॉक प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामसिंह कन्नौजिया, रेखा तिवारी, अनिल कुमार सिंह, रामदास पाल, गीता यादव, अखिलेश द्विवेदी, एहत्शाम अहमद, योगेन्द्र बाजपेई, सेविना दीक्षित अर्चना गौतम व अजयपाल आदि सभी बेसिक विद्यालयों के प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों ने भाग लिया।

## रेल मार्ग पर बनी एक पुलिया का निर्माण का पूर्ण दूसरे पर लगा कार्य

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड ट्रेनें चलाई जानी हैं। गंगाघाट स्टेशन और सहजनी के बीच दो छमकनाली पुलिया अंग्रेजों के जमाने की हैं।हाईस्पीड ट्रेनों के मद्देनजर पुलियों का ढाचा कमजोर हो गया था। इसलिये एक पुलिया का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। दूसरी पुलिया का काम शुरू हो गया है।15 दिन के अंदर एक साथ मेगा ब्लॉक लेकर दोनों पुलियों का ढांचा शिफ्ट किया जाएगा।

डाउन लाइन स्थित 109 छमकनाली पुलिया के ढाचा बनाने का काम मार्च महीने में शुरू हुआ था।करीब 15 दिन पहले रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने पूरा ढांचा फिंटिंग कर तैयार कर लिया था।इस पुलिया का तैयार ढांचा इसलिये नहीं फिट किया गया, क्योंकि कई घंटे लगेंगे और मेगा ब्लॉक लेना पड़ेगा। इसलिये इसी लाइन की 108 पुलिया का ढांचा बनाने का काम शुरू हो गया है।रेलवे के रिटायर्ड इंजीनियर राजकरन ने बताया कि लगभग दस से बारह दिन में इस पुलिया का ढांचा तैयार कर लिया जाएगा।एक साथ दोनों पुलियों को मेगा ब्लॉक लेकर ढांचे शिफ्ट किए जाएंगे। कार्यदायी संस्था के इंजीनियर ने बताया कि दोनों पुलियों के ढांचा को शिफ्ट करने के लिए कम से कम आठ से दस घंटे का मेगा ब्लॉक होगा।इस दौरान ट्रेनों के आवागमन पर असर पड़ेगा।हालांकि ढांचा बदलने के बाद ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी। अगर समय पर 108 पुलिया का ढांचा तैयार नहीं हो पाता है तो विभाग के लिए मुसीबत खड़ी हो जाएगी क्योंकि जुलाई माह में छमकनाली पुलिया के नीचे बाढ़ का पानी भर जाता है।

## सीडीओ ने लंबित शिकयातो की विभागवार की समीक्षा



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा आई0जी0आर0एस0 आनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों की विभागवार व तहसील वार विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर सीडीओ ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभाग पुलिस, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, बेसिक शिक्षा, विद्युत, पंचायतीराज, नगर विकास आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 आनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गम्भीरता लायी जाए और सभी शिकायतों का निस्तारण वास्तविकता के आधार पर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आई0जी0आर0एस0 आनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप ससमय एवं गुणवत्तापरक किया जाए ताकि असंतुष्ट फीडबैक कम से कम मिले। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय शिकायत कर्ता से बात अनिवार्य रूप से कर ली जाए। भूमि से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में पुलिस व प्रशासन साथ मिलकर काम करे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद की आईजीआरएस में रैकिंग 24 है। सभी विभाग गम्भीरतापूर्वक निस्तारण करें, ताकि जनपद की रैकिंग टॉप 10 के अन्दर रहे।बैठक में एडीएम (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पाण्डेय, पीडी कमलेश कुमार सहित समस्त विभागीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

### मंदिर प्रांगण में राम चरित मानस पाठ का हुआ आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के माँ जगदीश्वरी मंदिर का वार्षिक उत्सव आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर का भव्य श्रृंगार कर रामचरितमानस का पाठ संपन्न किया गया और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। नगर के मोहल्ला भट्ट पुरी स्थित मां जगदीश्वरी देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में मंदिर का भव्य श्रृंगार कर श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया एवं पंडित शशि नाथ अवस्थी के कुशल निर्देशन में मंत्र उच्चारण के बीच हवन पूजन एवं माता जी की महा आरती संपन्न हुई।उसके पश्चात कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।आयोजन करता जगदीश नारायण श्रीवास्तव, ओम नारायण श्रीवास्तव, दीप नारायण श्रीवास्तव, हैप्पी श्रीवास्तव, गोलू श्रीवास्तव, उपेंद्र अवस्थी, अमरेंद्र ऊर्फ बच्चा अवस्थी,ऋषभ अवस्थी, सोनू अवस्थी, रजत अवस्थी एवं मुकेश मिश्रा और नागेंद्र नाथ अवस्थी आदि ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की मुख्य यजमान श्रीमती मोहिनी श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के घटोरी मजरा तारगांव गांव के रहने वाले जय मूरत उर्फ शुभम लोध 22 पुत्र स्व० चुन्नी लाल पंजाब प्रांत में रहकर नौकरी करता था। परिजनों के मुताबिक दस दिन पहले घर आया था। बुधवार सुबह छत में लगे पंखे पर बिजली के तार से शव लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने प्रधान को सूचना दी। प्रधान ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच कर आवश्यक कार्रवाई की है।मृतक शुभम तीन भाईयों में छोटा था। भाईयों में मुन्नालाल व राम मूरत हैं। मौत को लेकर मां रामदुलारी व भाई आदि परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे।पिता चुन्नी लाल की आठ साल पहले जहरीले कीड़े के डसने से मौत हो चुकी है। बुधवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव मायके वालों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशा खेड़ा निवासी एक महिला का दो दिन पहले दिल्ली में फांसी पर लटका मिला था। जिस पर उसके परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पीएम के बाद बीती रात शव घर लाया गया। जहां शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मंशा खेड़ा निवासी अनंत ने अपनी बेटी सोनम का विवाह 25 जून 2020 को उन्नाव के पंडित खेड़ा निवासी राजू पुत्र पूतन लाल के साथ हुई थी। शादी के बाद राजू सोनम को लेकर दिल्ली के मुखर्जी नगर में रहने वाला। भाई अजय का आरोप है कि शादी के बाद ससुराली जन दहेज को लेकर उसकी बहन को मारते पीटते थे। जिसके बाद दो दिन पहले राजू ने फोनकर सूचना दी कि तुम्हारी बहन ने फांसी लगा ली है। जिस पर वह मौके पर पहुंचा।जहां उसने बताया कि बहन को मारा पीटा गया था। उसके शरीर में चोट के निशान थे। जिस पर दिल्ली मुखर्जी नगर पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा। बीती रात उसका शव घर लाया गया। जहां शव देख पिता अनंत, भाई अजय, मां और बहन मंजू और अंज का रो रो कर बुरा हाल हो गयाभाई अजय ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे और हर बार मायके से पैसे की मांग कर रहे थे। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के चलते वह ससुराली जनों की मांग पूरी नहीं कर सके जिसके चलते उन्होंने मार कर टांग दिया और फांसी का रूप दिया है।

### अधेड़ ने निगला जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के अकबरपुर दबौली गांव में बुधवार सुबह किसी बात से आहत होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए, आनन फानन उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।माखी थाना क्षेत्र के अकबरपुर दबौली गांव के रहने वाले राम आसरे 50 पुत्र छेदीलाल ने किसी बात से परेशान होकर गुस्से में जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगडने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उन्हें आनन-फानन जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## फॉलोअप, मृतक सिपाही का शव लेकर परिजन गए अपने गृह जनपद

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली में तैनात सिपाही ने दरोगा की पिस्टल से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जिस पर बुधवार सुबह एएसपी, सीओ ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाकर शव पीएम कराने के लिए राजी कराया। पीएम पैनल व विडियो ग्राफी की निगरानी में हुआ। पीएम कराने के बाद परिजन शव लेकर गृह जनपद चले गए।

बुलंद शहर के थाना गुलावठी के नयाखास कस्बा निवासी देवांश तेवतिया 32 वर्ष ने मंगलवार को दरोगा की सरकारी पिस्टल से कनपटी में गोली मारकर आत्मा हत्या कर ली थी। इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी।

मंगलवार देर रात परिजनों के पहुंचने की वजह से पीएम नहीं हो पाया था। जिस पर बुधवार सुबह पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सही बात न बताने पर परिजनो ने पीएम कराने से मना कर दिया था। जानकारी होने पर एएसपी प्रेमचंद व सीओ संतोष सिंह ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर वीडियो ग्राफी व पैनल से पीएम कराने के लिए कहा तब परिजन पीएम के लिए राजी हुए। पीएम होने के बाद शव परिजन गृह जनपद लेकर रवाना हो गए।

## मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। चार दिन पहले भग्गाखेड़ा गांव में घूर काटने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोगों ने वृद्ध को लाठी से जमकर पीट दिया था। जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए वृद्ध की हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई।सदर कोतवाली के मगरवारा चौकी क्षेत्र के भग्गाखेड़ा गांव में चार दिन पहले अवधेश का घूर गांव के रहने वाले राज कुमार और जीतेंद्र ने काट दिया था। अवधेश के वृद्ध पिता राम प्रसाद के आपत्ति जताने पर दोनों युवकों ने चार अन्य युवकों के साथ मिलकर उसे जमकर पीटा था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।बचाने आए उसके बेटे अवधेश और पत्नी रूपवती को भी पीट दिया गया था। जिसमें अवधेश के हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। घायल रामप्रसाद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टर ने उसे हैलट रेफर कर दिया था। जहां वह कोमा में था। इलाज के दौरान वृद्ध राम प्रसाद की मौत हो ।घटना के तुरंत बाद घायल रामप्रसाद के बेटे अवधेश की ओर आरोपित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। मामला सोशल मीडिया ( ) में आने पर पुलिस ने तुरंत सभी आरोपितों पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

वृद्ध राम प्रसाद की मौत के बाद अब पहले से दर्ज मामले में गैर इरादतन हत्या की भी धारा बढ़ाई जा सकती है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि विवेचक द्वारा मामले में जांच पड़ताल की जा रही है मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराओं को बढ़ाया जाएगा और कार्रवाई होगी।

## मां की मौत का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए युवक लगा रहा ब्लाक के चक्कर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर अन्तर्गत माँ की मौत का प्रमाण पत्र बनवाते बनवाते पिता की भी मौत हो गयी लेकिन प्रमाण पत्र नही बनाया गया। पीड़ित अब सरकारी तंत्र को कोस रहा है।मामला ग्राम पंचायत छाछी राइखेड़ा का है। जहा के निवासी राम सेवक लोध की ब्यथा सुनकर मन विचलित हो जाता है। उसने बताया मेरी माँ मिठाना देवी की मौत मार्च महीने में हो गयी थी। मेरी माँ के नाम से सुमेरपुर ग्रामीण बैंक में खाता है जिसमे पैसा भी जमा है। उस पैसे को निकालने के लिए मुझे म्रतक प्रमाण पत्र व उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है जिसके लिए मेरे पिता धुन्नू लोध लगभग 3 महीने से ज्यादा प्रधान व ब्लॉक सुमेरपुर के चक्कर लगा रहे थे। भीषण गर्मी व लू लग जाने की वजह से में मेरे पिता की भी मौत 19 जून को हो गयी। इतना सब होने के बाद भी अधिकारियों का दिल नही पसीजा। वर्तमान ग्राम पंचायत अधिकारी स्वप्निल सिंह द्वारा फोन नही उठाया जाता। ग्राम पंचायत में नवनियुक्त ग्राम सेवक कभी भी पंचायत भवन में नही बैठता । गाँव वासी जन्म ,म्रतक ,परिवार रजिस्टर नकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महीनों ब्लॉक, तहसील के चक्कर लगाया करते है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर इसी ग्राम पंचायत में ही स्थित है।इस बावत जब सुमेरपुर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी संतोष सिंह से बात की गई उन्होंने बताया ग्राम पंचायत अधिकारी के डोंगल में कुछ समस्या थी जिसे दूर कर लिया गया है। प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अधीनस्थों को आदेशित किया गया है।

### भारतीय जन कल्याण महासभा की हुई बैठक

सफीपुर,उन्नाव। भारतीय जन कल्याण महासभा की बैठक संपन्न हुई बैठक कर रहे,विमलेश कुमार की, अध्यक्षता में हुई भारतीय जन कल्याण महासभा के सभी क्षेत्र से आए सभी पदाधिकारी,कार्यकताओं ने अपनी-अपनी क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की जिसमें सभी समस्याओं को हल करने के लिए, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा, इसी मौके पर, तालियां बजा के,स्वागत किया सभी ,पदाधिकारी कार्यकर्ता किसान,मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार, सफीपुर,तहसील अध्यक्ष विमलेश कुमार, सफीपुर तहसील सचिव मानसिंह यादव, सफीपुर,ब्लॉक अध्यक्ष सहजराम यादव सफीपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सिकंदरपुर सरोसी तहसील अध्यक्ष सतीश कुमार, महिला ब्लॉक फतेहपुर 84 ब्लॉक अध्यक्ष चुन्नी देवी ,विद्यावती,केश कली बांगरमऊ तहसील अध्यक्ष रविंद्र, संतोष पाल, रामप्रसाद,कमलेश रावत, मीडिया के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मार्ग न होने से किसान कल्याण केंद्र बना शोपीस



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत तहसील से मात्र 2 किलोमीटर दूरी पर बना मल्टीपरपज सीड स्टोर किसान कल्याण केन्द्र का मार्ग न होने की वजह से नया भवन शो पीस साबित हो रहा।तहसील क्षेत्र में कल्यानपुर प्रथम ग्राम सभा मे किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए किसान कल्याण केंद्र का भवन बन चुका है लेकिन इस भवन को जाने हेतु रास्ता न होने की वजह से भवन निर्रथक साबित हो रहा है।इस आशय से पाटन के रा०कृ०बी०भ०के प्रभारी अमित कुमार ने ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर सीमा बाजपेयी को पत्र लिखकर भवन तक पहुचने हेतु करीब 150 मीटर पक्का मार्ग बनवाने की मांग की है।गौरतलब है वर्तमान में बीज भण्डार पाटन के पुराने केंद्र पर संचालित है जिसका भवन अत्यंत जर्जर है जो किसी भी समय गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। इस जर्जर भवन के बारे में कई बार समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया है लेकिन कोई हल नही निकाला जा सका।

## एसडीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिलौली में ग्राम चौपाल हर बुधवार प्रशासन आपके द्वार का आयोजन एस डी एम क्षितिज द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ग्राम चौपाल में पहुंचे अधिकारियों ने तीन समस्याओं को मौके पर निस्तारण किया तथा लगभग 20 समस्याओं के निस्तारण के लिए फरियादियों को तहसील बुलाया । चिलौली गांव में तहसील प्रशासन आपके द्वार के तहत चौपाल लगाई गई जिसमें लगभग 25 मामले आए। लंबे समय से पानी निकास की समस्या समाधान के लिए सुरेश कुरील, सूर्यकुमारपासवान, रजौली आदि तहसील के चक्कर लगा रहे थे उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी तहसीलदार अरसला नाज मौके पर जाकर पानी निकास की समस्या का समाधान करा ग्राम प्रधान से पक्की नाली बनवाने को कहा। दिलीप धोबी की वरासत तथा शुभमयादव के घूरे के विवाद का समाधान मौके पर किया गया ।अधिकतर फरियादियों ने कोटेदार द्वारा कम राशन की शिकायत की गई वही यूनिट न बनने की समस्या भी ग्रामीण ने रखी कई लोगों ने नए राशनकार्ड बनाए जाने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने कहा कि राशन वितरण में आई समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य न करने वाले लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। ग्राम चौपाल में प्रमुख रूपसे नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, स्नेहा यादव, कानूनगो प्रेम प्रकाश, लेखपाल कुलदीप श्रीवास्तव, ए डी यो पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी, ग्राम प्रधान अनूप वाजपेई, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता रविशंकर शुक्ल, समाज सेवी शैलेश तिवारी ,अन्नू बाजपेई ,शुभम यादव आदि रहे।

### शारदा नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव के पास निकली शारदा नहर में एक युवक का शव उतराता देख आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नहर में उतरा रहे शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी है।जानकारी के अनुसार बुधवार को दही थाना क्षेत्र के तौरा गांव के पास से निकली शारदा नहर पुलिया के नीचे एक युवक का पानी में शव उतराता देखा गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौजूद ग्रामीणों की मदद से उतरा रहे शव को बाहर निकाला।आसपास गांव के लोगों से शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। यदि पहचान नहीं हुई तो 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम होगा। प्रभारी की माने तो पहचान के लिए वह आसपास के जिलों में भी संपर्क करेंगे

**कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सवाल है कि ऐसी बात वो नेता कह रहे हैं जिसके विपक्षी गठबंधन इंडिया को अकेले भाजपा (240) के बराबर सीट भी नहीं मिली। शायद लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की सियासी कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। चुनाव में नकारे जाने के बाद कांग्रेस व उसके सहयोगी दल अब किसी अनहोनी का इंतजार है कि एनडीए टूटे व उसे मौका मिले। क्या पीएम मोदी के प्रति कांग्रेस गलत व भ्रमित नैरेटिव गढ़ रही है? आजकल के इस अंक में इस मुद्दे व नीट विवाद पर एक विश्लेषण...**



# मोदी सरकार को ही जनादेश



**विश्लेषण**

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

**संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? दरअसल, यह कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन विपक्ष का हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है?**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की हो गई है। वह मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी प्रधानमंत्री मोदी से नहीं डरता, लिहाजा उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और सड़किया कार्यकर्ता तक देश के प्रधानमंत्री को 'झूठा', 'मक्कार', 'फासीवादी' आदि गालियां देते हुए इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आखिर सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? यदि कुछ असंवैधानिक हुआ है, तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अभी तक सर्वोच्च अदालत में क्यों नहीं गए? क्या देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐसी सरकार को शपथ दिला कर संविधान-विरोधी काम किया है?

## कांग्रेस की कुंठा

दरअसल, यह लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। उनकी कैबिनेट भी सक्रिय हो चुकी है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। दरअसल 'अल्पमत' सटीक शब्द है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को सरकार के संदर्भ में भी 'अल्पसंख्यक' याद आते हैं। यह शब्द कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। यदि विपक्ष की इस भविष्यवाणी को मान भी लिया जाए, तो सहज सवाल है कि उसके बाद क्या होगा? वैकल्पिक सरकार किसकी होगी? अथवा कुछ ही महीनों के बाद देश पर मध्यावधि चुनाव का बोझ लाद दिया जाएगा? प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या उसके समर्थक सांसदों की संख्या इतनी होगी कि जनादेश कहा जा सके? सरकारें और सदन बहुमत के आंकड़ों के आधार पर तय होते हैं। एनडीए के बजाय अकेली भाजपा के ही आंकड़ों को गिना जाए, तो 240 सांसदों के साथ वह लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के बाद कांग्रेस के 98 सांसद हैं, लिहाजा वह दूसरे स्थान की पार्टी है। दोनों के बीच में कोई अन्य दल नहीं है। सदन में बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 सांसदों का है। इस लक्ष्य के ज्यादा करीब भाजपा है अथवा कांग्रेस है? परंपरा रही है कि राष्ट्रपति सबसे पहले सदन की सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने को आमंत्रण देते हैं। गठबंधन की गुंजाइश उसके बाद ही आती है।

## गठबंधन का अतीत पुराना

यदि इतिहास को खंगाला जाए, तो 1984-89 के बाद चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। सभी सरकारें गठबंधन की बनी हैं। वीपी सिंह और चन्द्रशेखर तथा बाद में देवगौड़ा-गुजराल की सरकारों को छोड़ कर शेष सभी गठबंधन सरकारों ने अपने कार्यकाल पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद 1991 में जो चुनाव हुआ, उसमें कांग्रेस 232 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी थी। पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व में सरकार बनी, लेकिन वह 'अल्पमत' सरकार थी। सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई, नेताओं ने पाले बदले और सरकार के बहुमत का जुगाड़ किया जाता रहा। देश में पहली बार प्रधानमंत्री को किसी अदालत ने 'अभियुक्त' करार दिया और एक विशेष अदालत बनाकर केस चलाने का बंदोबस्त किया गया। बहरहाल मामला रफा-दफा हो गया। उसके बाद 1996 के चुनाव में भाजपा 161 सांसदों के साथ लोकसभा में पहली बार, सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। घोर अल्पमत था, लेकिन राष्ट्रपति ने सरकार बनाने का न्योता दिया। अटलबिहारी वाजपेयी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। चूंकि वह अपने साथ अन्य दलों का गठबंधन बनाने में नाकाम रहे, नतीजतन पद से इस्तीफा देना पड़ा। 1998-99 में भाजपा 182 सांसदों के साथ फिर सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन अल्पमत में थी। एनडीए का गठन उसी दौर में हुआ और इस बार 2004 तक वाजपेयी सरकार बखूबी चली। 'कारगिल युद्ध' भी इसी दौर में हुआ था।

## 2004 से गठबंधन का नया दौर

2004 के आम चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ। लोकसभा में कांग्रेस के 145 सांसद जीत कर आए और तत्कालीन सत्तारूढ़ भाजपा 138 सांसदों के साथ 'पराजित पार्टी' थी। बहुमत के आंकड़े से दोनों ही पक्ष बहुत दूर थे। वामपंथी दलों के सहयोग से गठबंधन का एक तम्बू तैयार किया गया और उसके नीचे समधर्मा दल लामबंद हुए। तब प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी और वामपंथी सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर बनाया गया। बेहद विरोधाभास थे। लगातार हिचकोले खाती रहती थी सरकार, लेकिन गठबंधन जारी रहा। अंततः अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु करार के मुद्दे पर वाममोर्चे के करीब 60 सांसदों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। मनमोहन सरकार अल्पमत में आ गई और लड़खड़ाने लगी। तब मुलायम सिंह यादव की सपा के 39 सांसदों और अन्य का जुगाड़ करना पड़ा। मनमोहन सरकार गिरते-गिरते विश्वास मत जीत गई। 2009 के आम चुनाव में भी कांग्रेस 206 सांसदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। भाजपा 116 सांसदों के साथ बहुत पीछे थी। यूपीए-2 की सरकार बनी और डॉ. मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री चुने गए। ये सभी गठबंधन सरकारों के उदाहरण हैं, जो पांच साल तक चलीं और कार्यकाल पूरे किए। अब सवाल है कि आज मोदी नीत राजग सरकार के पक्ष में चुनाव-पूर्व के गठबंधन का स्पष्ट बहुमत है। सरकार को 293 सांसदों का समर्थन हासिल है। फिर उसे अल्पमत, अस्थिर, असंवैधानिक सरकार क्यों कहा जा रहा है? यह कैसा झूठ है?

## कांग्रेस ने गढ़ा झूठा नैरेटिव

चुनाव के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों ने एक झूठे नेरेटिव को गढ़ा कि यदि मोदी सरकार ही तीसरी बार आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो सकता है। यदि संविधान बदल दिया जाएगा, तो आरक्षण भी कहां रहेगा? देश जानता है कि ये परिवर्तन नहीं किए जा सकते, लेकिन फिर भी दलित, ओबीसी, कुछ आदिवासी, गरीब, अनपढ़ लोगों पर इसका असर हुआ। नतीजतन उप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों में भाजपा की अपेक्षाकृत पराजय हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ खूब प्रचार किया, नतीजतन अब मुसलमानों ने तय कर लिया है कि वे किसी भी चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए कुछ भी काम करें, परियोजनाएं बनाएं, लेकिन मुसलमान उस पार्टी और उम्मीदवार को वोट देगा, जो मोदी और भाजपा को हरा सके। यह खुलासा मुस्लिम विशेषज्ञों ने ही किया है। उनका कहना है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर भी मोदी ने इन स्थितियों को झेला है, लेकिन वह कहते रहे हैं कि आप मुझे वोट तो न दो, लेकिन मैं आपका भी मुख्यमंत्री हूं। मुझसे काम तो कराओ। आखिर मुख्यमंत्री से इतनी आबादी नफरत कैसे कर सकती है? इस सांप्रदायिकता ने आम चुनाव में भी भाजपा के जनादेश को प्रभावित किया है, नतीजतन वह 240 सीट पर थम गई है। मुसलमानों का यह भाव 2014 से पहले भी था, लेकिन कुछ फीसदी मुसलमान भाजपा की ओर भी ध्रुवीकृत होने लगे थे। 2024 के चुनाव ने उस पर भी विराम लगा दिया है।

## जनादेश पर सवाल उठाना अनुचित

आज जो जनादेश पर सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने आरक्षण, नीट पेपर लीक आदि को भी राजनीतिक रंग दे दिया है। देश के करीब 20 राज्यों में करीब 70 भर्ती, प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक किए गए हैं। इस तरह करीब 2 करोड़ युवाओं के भविष्य अधर में लटक गए हैं। ऐसा भ्रष्टाचार करने वाले कांग्रेस और भाजपा शासित दोनों ही राज्य हैं, लेकिन अपशब्द प्रधानमंत्री मोदी को दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के पुतले जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस का छात्र संगठन कई राज्यों में उत्तेजक विरोध-प्रदर्शन कर रहा है। नीट परीक्षा की धांधलियां और विसंगतियां सामने आई हैं। मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, जिसकी सुनवाई 8 जुलाई को होनी है। राहुल गांधी का बयान है कि पेपर लीक को प्रधानमंत्री न तो रोकना चाहते हैं और न ही रोकने में सक्षम हैं। शिक्षण संस्थानों पर भाजपा-संघ का कब्जा हो गया है। नीट के कुछ छात्र और उनके अभिभावक राहुल गांधी से भी मिले हैं। कांग्रेस नेता ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि वह उनकी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेंगे। बहरहाल विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है? देश आश्वस्त रहे कि जनादेश का बहुमती संकेत भाजपा-एनडीए की ओर है तथा गठबंधन ठोस है। गठबंधन हररोज़ नहीं टूटा करते। नीट का सवाल है, तो छात्र सर्वोच्च अदालत और केंद्र सरकार पर भी भरोसा करना सीखें। किसी की राजनीति का शिकार न बनें।

# ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन का साथी ई रिक्शा

लेखक - सुभाष तिवारी

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ




Gadkari Launches New Safe E-rickshaws

देश में महिलाओं की आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार हेतु अनेक प्रयास स्वतंत्रता के बाद से ही किये जा रहे हैं,और चल भी रहे हैं इन सभी के अनेक सुखद परिणाम आज के समय में हमें देखने को मिल रहे हैं राजनीति , व्यवसाय , कृषि, उद्योग, सेवा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता में निश्चित ही वृद्धि हुई है परंतु इस वृद्धि को यदि हम ठीक से देखें तो पाएंगे कि यह वृद्धि असमान है शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की विकास में सहभागिता में एक बड़ा अंतर है

वर्तमान समय में पिछले कुछ वर्षों से इस असमानता की खाई को कुछ कम करने का कार्य ई रिक्शा कर रहा है इलेक्ट्रिकल वाहनों को पिछली सरकार में भूतल परिवहन मंत्रालय का कार्य देखने वाले नितिन गडकरी जी के द्वारा विशेष प्रोत्साहन दिए जाने के फलस स्वरूप आज शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में इब बैटरी चालित वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखि जा रही है इन वाहनों में स्कूटर, बाइक, कार, छोटे मालवाहक और सवारी रिक्से शामिल हैं इन छोटे माल ढूलाई करने वाले और सवारी रिक्शों की वजह से ही छोटी दूरी की यात्राओं एवं सामान लाने ले जाने सार्वजनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है

ये विद्युत चालित वाहन एक तरफ सीएनजी व पेट्रोल डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या कम कर रहे हैं तो दूसरी तरफ यह इलेक्ट्रिकल रिक्शा ने पैडल से चलने वाले रिक्शों को लगभग समाप्ति की स्थिति पर ला दिया है पैडल रिक्शा में मानवीय शक्ति के प्रयोग के कारण उसकी गति और चलित दूरी काफी कम रहती है जबकि ई-रिक्शा में ये दोनों स्थितियां सुविधाजनक और अनुकूल हैं इसमें मानवीय बल न के बराबर लगता है तो दूसरी तरफ गति और तय की जाने वाली दूरी की क्षमता भी पारंपरिक ऑटो से यद्यपि थोड़ा काम है परंतु पैडल रिक्शा से यह कई गुना अधिक ही है आजकल देश के ग्रामीण क्षेत्रों में इन इलेक्ट्रिकल रिक्शा वाहनों का उपयोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है शहरों में यह रिक्शा यदा कदा यातायात की समस्या का कारण बनते भी हैं परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर महिला वर्ग के लिए यह वरदान सिद्ध हो रहे हैं अपने देश में प्रायः किसी गांव से किसी कस्बे की अथवा छोटे शहर की दूरी 2 - 3 किलोमीटर से लेकर 10 - 12 किलोमीटर तक होती है इतनी दूरी तक के बाजार हाट तक चिकित्सा, क्रय-विक्रय आदि के लिए महिलाओं को आने-जाने की आवश्यकता अक्सर पड़ती रहती है उपयुक्त साधन उपलब्ध न होने या साधनों की उपलब्धता सीमित होने के कारण उनको समस्याओं का सामना करना पड़ता था एक तरफ पारंपरिक रूप से चलने वाले पेट्रोल, डीजल से संचालित ऑटो रिक्शा आदि या तो उपलब्ध नहीं होते थे या फिर काफी खचीर्ले होते थे तो दूसरी तरफ पैडल रिक्शा से इतनी दूरी को तय करना भी महंगा और श्रम साध्य ही होता था और इसमें समय भी अधिक लगता थो अनेक जगहों पर यह उपलब्ध भी नहीं होते थे इस प्रकार ग्रामीण महिला वर्ग के लिए अपने रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्यों के लिए परिवार के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता था ये पुरुष अपनी सुविधा के अनुसार महिलाओं को साइकिल या मोटरसाइकिल से ऐसे कस्बों, हाट,बाजारों तक पहुंचाते थे परन्तु पिछले कुछ वर्षों से जब से इन इलेक्ट्रिकल वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है इन स्थितियों में बहुत बड़ा अंतर आया है इस बदलाव से गांवों की कामकाजी महिलाओं की कार्यक्षमता और आय में गुणात्मक सुधार आया है जिससे उनकी आत्मनिर्भरता में भी कई गुना की वृद्धि देखी जा सकती है अब इन छोटे-छोटे कामों के लिए जिनमें बाजार से सामान लाना, औषधि अथवा अपनी कृषि उपज सब्जी, अनाज, फल आदि के विक्रय के लिए निकटतम बाजार तक उनकी पहुंच और सुगम और सस्ती हो गई है तीन से पांच किलोमीटर तक जाने के लिए उन्हें मात्र 10 में साधन उपलब्ध है; समय की भी बचत होती है आजकल लगभग प्रत्येक गांव में ई रिक्शा अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं सड़के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहले ही सुचारू रूप से उपलब्ध हैं अब महिलाओं को अब अपने व्यक्तिगत, व्यवसायिक, आर्थिक, स्वास्थ्यआदि कार्यों के लिए घर के पुरुषों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है और ना ही पैदल चलने जैसा कष्ट साध्य व समय व्यय करने वाला कार्य करना पड़ता है अब वह वह फोन करके घर पर ही ई रिक्शा बुलवाती हैं और कम समय व मूल्य में अपना कार्य करके घर वापस आ जाती हैं इस प्रकार से यह ई-रिक्शा वास्तव में ग्रामीण महिलाओं के स्वालंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है

# ओम बिरला होने का मतलब

## सोने जैसे दिल वाला सामाजिक कार्यकर्ता कैसे बना राष्ट्रीय राजनीति का सितारा

-प्रो.संजय द्विवेदी

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ



ओम बिरला को तुलसी का पौधा भेंट करते प्रो.संजय द्विवेदी।

ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चचाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी।

श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि ह्रसंसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है ह्व उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। 17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्वेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया। उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं।

बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किया, जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किए जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गए। फिर उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोएं। इस तरह वे बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं। यह उन हाशिए के लोगों की दुआएं ही थीं कि बिरला आज सत्ता राजनीति के शिखर पर हैं।

भाजपा को एक दल के रूप में इस बार लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है और उसकी निर्भरता राजग के सहयोगियों पर बढ़ी है। इसी तरह सदन में प्रतिपक्ष ज्यादा ताकतवर हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार के सामने अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मौजूद होंगे। मोदी की तीसरी सरकार में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना भी एक बड़ी सूचना है। पिछले दो सदनों में कांग्रेस के इतने सदस्य नहीं थे कि वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल कर सके। इससे नेता प्रतिपक्ष अब लोकलेखा समिति के अध्यक्ष भी होंगे और सरकारी खर्चों पर टिप्पणी कर सकेंगें। इस बदले हुए परिदृश्य में सदन में प्रतिपक्ष की आवाज भी प्रखर होगी। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए सत्ता पक्ष पर अंकुश और प्रतिपक्ष को संरक्षण देने की अपील की। उम्मीद की जानी कि ओम बिरला अपने बड़े दिल से सदन की गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान करेंगें। फिलहाल तो उन्हें शुभकामनाएं ही दी जा सकती हैं।

(लेखक भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक हैं।)

संक्षेप

## गंगा में मछलियों का शिकार करने गए, वृद्ध का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के मनोहर नगर निवासी एक बुजुर्ग रोज की तरह गंगा में मछलियों का शिकार करने गया था। उसका शव एक टूटी नाव में फंसा मिला है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिनाख्त कराकर शव को पीएम के लिए भेजा है। मनोहर नगर मोहल्ले के रहने वाले श्रीकृष्ण कश्यप (65) रोज की तरह गंगा में मछलियों का शिकार करने गए थे। शिकार करने के बाद वह हर रोज अपने तय समय के अनुसार वापस लौट आते थे। लेकिन काफी वक्त बीत जाने के बाद भी जब घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। गंगा के किनारे घाट पर स्नान करने और वहां मौजूद लोगों ने नवीन पुल के नीचे गंगा में पड़ी टूटी नाव में शव फंसा देखा। नाव में शव देखकर घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने जांच-पड़ताल कर श्रीकृष्ण के परिवार वालों को सूचना दी। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मौत कैसे हुई है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि परिजनों ने अभी तक घटना को लेकर कोई भी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाए हैं। कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## फल के ठेला लगाने वाले दुकान दारो में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर तिराहे पर फल का ठेला लगाने वाले दुकानदारों में बीती देर रात किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान लात-घूसों से एक दूसरे की पिटाई की। इसका वीडियो सामने आया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की है।मंगलवार की देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास गांधीनगर तिराहे पर केला सेब और फल बेच रहे दुकानदारों के बीच पहले मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। धीमे-धीमे दोनों पक्षों में विवाद हो गया और गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई है। इस दौरान शुक्लागंज उन्नाव मार्ग से गुजर रहे लोग मारपीट का तमाशा देखते रहे। मौजूद लोग घटना का वीडियो बनाने लगे।इस पर मारपीट कर रहे एक दुकानदार ने उसके साथ भी बदतमीजी की। स्थानीय दुकानदार संजय ने बताया कि यह दुकानदार आए दिन आपस में कस्टमर को लेकर विवाद करते हैं। इसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मारपीट करने वालों की तलाश के लिए अस्पताल चौकी के इंचार्ज को लगाया गया है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# 1.250 किलो चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर




रूपईडीहा, बहराइच।एसएसबी 59वी वाहिनी के बलईगांव चेकपोस्ट द्वारा 1.250 किलो चरस साथ एक तस्कर को गिरफतार किया है।59वी वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश रमोला ने बताया कि एसएसबी के कार्मिकों द्वारा लगातार स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर सुरक्षा तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहें है। इसी क्रम में एसएसबी बलाईगाँव और मोतीपुर पुलिस की संयुक्त गश्ती दल शाम के समय गाँव बस्थानवा से बलाईगाँव की तरह जा रहें सड़क के मोड़ पर गाड़ियों की तलाशी लें रही थी तभी कंपनी इंचार्ज को सुचना मिली की एक सफेद रंग की आल्टो गाड़ी लौकाही बाजार से कुछ अवैध सामान खरीद कर बलाईगांव जा रहा है। इस सूचना को गश्ती दल को साझा किया गया और मोड़ के पास घेराबंदी कर आने जाने वाली गाड़ी की सघन जाँच शुरू किया गया तभी एक आल्टो तेजी से मोड़ के पास आकर रूकी और मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन जवानों द्वारा गाड़ी को रोक लिया गया तथा नाम पूछने पर उसने अपना नाम संतोष चौधरी पुत्र विश्राम थारू निवासी अचकवा गांव बताया। इसी दौरान गाड़ी की जाँच करने पर कुछ कपड़े और प्लास्टिक की एक थैली बरामद हुआ जिसमें काले रंग की चरस जैसी नशीला पदार्थ प्रतीत हो रहा था।इसके बाद गश्ती दल में शामिल डॉग स्क्वायड से जाँच कराने पर भी नशे का सामान होने की बात पुष्टि हुई। जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने बताया कि उसके पास चरस है साथ ही बताया कि इस कारोबार में मेरे ही अचकवा गाँव के शोहराब खान तथा उसका बेटा आरिफ शामिल है। मैं अलग- अलग माध्यम से चरस और स्मैक खरीद करता हूँ और अच्छी पकड़ होने के नाते ये लोग नेपाल से खरीददार बुलाते है और बेचते है। पुलिस के अनुसार उक्त बयान के आधार पर आगे की जाँच की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट के तहत संतोष चौधरी तथा उसकी गाड़ी से बरामद 1.275 किलो चरस आल्टो गाड़ी सहित जब्ती कर मोतीपुर पुलिस में एफआईआर दर्ज की गयी है जिसे आगे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस के उपलक्ष्य में निकाली साइकिल रैली

अमन लेखनी समाचार



रूपडीहा, बहराइच। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस के तहत सीमावर्ती ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु तिरंगे एवं बैनरों के साथ वाहिनी मुख्यालय से बाबागंज तक साइकिल रैली कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम में 42वीं वाहिनी के 52 महिला एवं पुरुष बल कार्मिकों ने प्रतिभाग लिया।

42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लगातार सीमा क्षेत्र एवं अपने कार्यक्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ शामिल है। इसी क्रम में बुधवार को 42वीं वाहिनी के जवानों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व अनिल कुमार यादव उप कमांडेंट द्वारा किया गया। रैली वाहिनी मुख्यालय से राष्ट्रीय राज मार्ग 927 द्वारा बाबागंज होते हुए रामनगर मोड़ पहुची तत्पश्चात वापस वाहिनी मुख्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ह्लनशा मुक्त दिवसह्व को सफल बनाने हेतु बैनर, पम्पलेट, ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से जागरूक किया गया तथा रैली के दौरान देश भक्ति गीतों, स्लोगन एवं भारत माता की जयकारो से वातावरण गूंज उठा। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान पखवाड़ा के तहत दिनांक 12.06.2024 से 26.06.2024 तक वाहिनी एवं वाहिनी के सभी सीमा चौकियों के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में सीमावर्ती ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता अभियान, ई-शपथ लेना, रैली, सेमिनार, कार्यशाला का आयोजन किया गया। वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के द्वारा बताया गया कि नशाखोरी आज समाज की एक विकराल समस्या बन गई है। नशीले पदार्थ चाहे कानूनी हों या अवैध, व्यक्ति और समाज पर समग्र रूप से हानिकारक प्रभाव डालते हैं। इसलिए, नशों से पूरी तरह से बचना महत्वपूर्ण है, न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे कमांडेंट ने साइकिल रैली में भाग लेने वाले सभी जवानो का उत्साह वर्धन किया एवं धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजंल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बहराइच में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधि.अभि. जल निगम को निर्देश दिया कि आगामी बैठकों में बलरामपुर यूनिट के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय ताकि जिले के शहरी क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं की प्रभावी ढ़ंग से समीक्षा हो सके। हर घर जल प्रमाणीकरण एवं पूर्ण परियोजनाओं के हस्तान्तरण कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जल निगम के अवर अभियन्ताओं की ओर से प्रस्तुत आख्या के सत्यापन की कार्यवाही 03 दिवस में पूर्ण कर ली जाय। यदि किसी परियोजनाओं में कमी पायी जाती है तो दुरूस्त कराकर योजना को संचालित कराया जाय।

खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी अवर अभियन्ता द्वारा फाल्स रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तो उसे तत्काल डीएम के संज्ञान में लाया जाय। बैठक में वचुर्ली प्रतिभाग कर रहे खण्ड विकास अधिकारियों को डीएम ने निर्देश दिया कि ब्लाक मुख्यालयों नेट कनेक्टीविटी अच्छी रखों ताकि डाटा फीडिंग तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग करते समय समस्या न हो। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा एसडीएम व बीडीओ वर्चुअली मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक मे हुई विकास के मुद्दे पर चर्चा

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक ब्लाक सभागार कैसरगंज में आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सत्य प्रकाश पाण्डे ने तथा संचालन हनुमन्त सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे ब्लाक प्रमुख सन्दीप सिंह विसेन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आये हुए सभी अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराये उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। उन्होने कहा कि लोक कल्याणकारी योजनाए व सरकार की नीतियों को जन जन पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में सबसे पहले पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी। इसके पश्चात ब्लॉक स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा व उनके क्रियान्वयन के बारे में जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा दी गयी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तावित बजट,उनके क्रियान्वयन खर्च व अवशेष धन के बारे में भी जानकारी विन्दुवार दी गयी।स मौके पर डा0 एन0के0 सिंह, प्रेमशंकर सारस्वत, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, जेई अमित गुप्ता,प्रधान कर्मचन्द्र गुप्ता,प्रधान प्रतिनिधि वेद प्रकाश सिंह,रामू सिंह,अजय सिंह राजीव सिंह, बीपीसीएम राम प्रताप सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान गण मौजूद रहे।

## खंड विकास अधिकारी ने ग्राम सभा का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सफीपुर ग्रामीण का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा ज्ञानालाय में कराए गए निर्माण कार्य को देखते हुए ग्राम प्रधान की प्रशंसा की। इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी स्वेता त्रिपाठी ने विकासखंड में बन रहे ज्ञानालयो को प्रधानों से इसी तरह गुणवत्ता के साथ निर्माण कराने का आव्हान किया। गांव में लाइब्रेरी और रीडिंग रूम होने की वजह से बच्चों को बड़ा लाभ होगा। तमाम छात्र ऐसे हैं जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या विभिन्न क्लास में पढ़ते हैं। वह छात्र ज्ञानालय में पहुंचकर विभिन्न किताबों के माध्यम से पढ़ाई तो कर ही सकते हैं साथ ही कंप्यूटर की मदद से तकनीकी रूप से भी अपनी पढ़ाई को और अच्छा कर सकते हैं। गांव में ही मिलेगी बेहतरीन शिक्षा विभिन्न विषयों की बड़ी संख्या में किताबों को ज्ञानालय में रखा गया है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि अभी प्रथम चरण में 13 ग्राम पंचायतों में ज्ञानालय का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ज्ञानालय बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि इस पहल की वजह से छात्र-छात्राओं को बड़ा लाभ मिलेगा। वह अपने गांव में ही बेहतर तरीके से शिक्षा का अध्ययन कर सकेंगे।

## त्रिकोलिया सुमेरपुर के ग्रामीण पहुंचे डीएम के जनता दर्शन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। तहसील व थाना पयागपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत त्रिकोलिया सुमेरपुर के निवासियों ने जनता दर्शन में जिलाधिकारी मोनिका रानी के समक्ष उपस्थित होकर सामूहिक रूप से प्रार्थना-पत्र दिया कि क्षेत्र में बढती हुई चोरियों से ग्रामवासी दहशत में है। ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में डीएम द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवियों ने किया रक्तदान

### रक्तदान के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले युवा: डॉ एन के सिंह

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में बीते 26 जून को रक्तदान का आयोजन किया गया जिसमें कैसरगंज क्षेत्र के तमाम लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान की शुरूआत सबसे पहले कैसरगंज क्षेत्र के सीपी सिंह सिंह भाजपा युवा नेता से की गई। इस मौके पर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉक्टर एन के सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान के पर्व में हिस्सा ले। रक्तदान करने से हमारे बॉडी में जितने भी त्रुटियां होती हैं, ब्लड में जो इंफेक्शन होता है वह खत्म हो जाता है और हमारे शरीर में एक नए रक्त का बेहतर पैदावार होता है। जैसे मानव जीवन जीने के लिए अच्छे खून की जरूरत होती है वैसे ही यह हमारे शरीर को अच्छे हवा की अच्छे पानी की जरूरत होती है। इस मौके पर कैसरगंज क्षेत्र के तमाम लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान के महापर्व में हिस्सा लिया।

## ऋण योजनाओं में रूचि न लेने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

### स्थिति में सुधार लाये जाने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मंगलवार को देर शाम विकास भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न विभागों की ऋण योजना यथा प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय प्रगति में सुधार लाये तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान न करने वाले बैंकों के राज्य मुख्यालय को भी अवगत करा दिया जाय। जबकि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बैंकों से नियमित समन्वय कर पात्र लाभार्थियों को ऋण दिलाकर उन्हे स्वावलम्बी बनाया जाय। बैठक के दौरान बैंक एटीएम एवं बैंक मित्र, ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, केसीसी, वित्तीय समावेशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आर-सेटी की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण संस्थान को प्रभावी बनाया जाय ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने बाद दक्ष हुए युचक-युवतियों को रोजगार के संघर्ष न करना पड़े। डीएम ने आर-सेटी के माड्यूल को बाजार की मांग व स्थानीय आवश्यक्ता अनुरूप रिशफल किया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि शासकीय योजना अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों के साथ इच्छुक युवक युवतियों को इलेक्ट्रानिक डिवाइस रिपेयर, प्लम्बरिंग, केले के रेशे से प्रोडक्ट तैयार करने से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिलाकर इन्हे स्वालम्बी भी बनाया जाय। बैठक का संचालन लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्वत ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर सहित अन्य विभागीय अधिरकारी, बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सपा के युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पर हमला

**मोबाइल की दुकान पर पैसों को लेकर हुआ था विवाद, दबंगो ने सिर धारदार हथियार से किए कई वार**

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, हसनपुर कोतवाली नगर में समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिला अध्यक्ष की मोबाइल की दुकान पर पैसों को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हसनपुर नगर में समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिला अध्यक्ष फैसल अल्वी के भाई रहरा संभल बाईपास मार्ग पर अपनी मोबाइल की दुकान चलाते हैं। कुछ दिन पूर्व कुछ युवक दुकान से मोबाइल फोन खरीद कर ले गए थे। रविवार को युवक दुकान पर आ गए और मोबाइल महंगा देने की बात कहने लगे। इसी बात को लेकर अपने भाई की दुकान पर खड़े युवजन सभा के जिला अध्यक्ष युवकों को समझाने लगे। इस दौरान युवक वहां से चले गए। इसके बाद उनका भाई उन्हें दुकान पर बैठ कर खाना खाने के लिए घर चला गया।आरोप है कि 15 से 20 लड़के आए, जिनके हाथ में लाठी डंडे एवं धारदार हथियार थे। युवकों ने आते ही दुकान स्टाफ और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दबंगों ने सिर में धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया।

आरोप है कि दबंग उनके हाथ से बारह हजार रुपए, तीन मोबाइल फोन भी ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर मामले में कार्यवाही की जाएगी।

# स्टंट करने वाले बाइक सवारों पर एक्शन

- दोनों युवक गिरफ्तार, 17-17 हजार का चालान हुआ, हाथ छोड़कर चला रहे थे बाइक

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में एक दिन पहले नेशनल हाइवे-9 पर दो बाइकों से जानलेवा स्टंट करने का मामला प्रकाश में आया था। बाइक सवारों का खतरनाक स्टंट करते वीडियो भी सामने आए थे। जिसमें साफ साफ देखा गया था कि बाइक सवार हाथ छोड़कर बाइकों को हाइवे पर दौड़ा रहे थे। वीडियो संज्ञान में आते ही पुलिस एक्शन में आई। रात्रि में दोनों बाइक सवारों को पकड़ लिया। साथ ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए दोनों बाइकों को सीज कर दिया। साथ ही दोनों बाइकों का 17-17 हजार रुपए का चालान काटा है। दरअसल बीते शनिवार को गजरौला में नेशनल हाइवे 9 पर लखनऊ हाइवे पर हल्दीराम होटल के पास दो बाइक सवार युवकों ने जानलेवा स्टंट किया। इतना ही नहीं हाथ छोड़कर चलती बाइक को दौड़ाया। साथ ही हाइवे पर जमकर उत्पात मचाया। हाइवे पर उत्पात मचाने के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जब वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया तो पुलिस हरकत में आई। तत्काल बाइक सवारों की तलाश शुरू की। जिसके बाद रात में ही पुलिस ने दोनों बाइक सवारों को मय बाइक के गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दोनों बाइकों का 17-17 हजार रुपए का चालान काट दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज कर दिया है।

## बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा


बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियो एवं जुर्म जरायम मादक पदार्थ के रोकथाम एंव मादक पदार्थों की बरामदगी के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बहराइच पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नानपारा राकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर बीते मंगलवार को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ बघौली नहर पुल के पास से एक अभियुक्त रामबचन उर्फ इसरू पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम बघौली थाना कोतवाली नानपारा को किया गिरफ्तार गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार गौतम, आरक्षी प्रदीप यादव शामिल रहे।




## दबंगों ने बीच सड़क पर युवक को पीटा

- फिल्मी अंदाज में सिर फोड़ा, आरोपियों ने खुद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में चार दबंग युवकों ने बीच सड़क पर विवेक कुमार तिवारी की पिटाई कर दिया। इस दौरान उसे गंभीर चोट आई हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर एसएसपी राज करन नय्यर ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश सीओ सिटी और कोतवाल नगर को दिए हैं। युवक विवेक कुमार बछड़ा सुल्तानपुर पुलिस चौकी देवकाली के रहने वाले हैं। चार दबंग युवकों ने बीच सड़क पर विवेक कुमार तिवारी को फिल्मी अंदाज मे इतना मारा की उसका सिर फट गया। इसके बाद आरोपी युवक शौर्य यादव ने उस घटना की वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ रेफर किया गया है। घायल युवक के पिता की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने घटना को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राज करन नय्यर ने सीओ सिटी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पाण्डेय को इसमें शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया यह बहुत ही गंभीर मामला है। टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# संक्षेप

## युवक को कार चालक ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में शनिवार देर रात सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक बाल बाल बच गया।इस घटना को देख लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने वैन चालक को पकड़ लिया और उसकी बीच सड़क पर पिटाई कर दी। चालक के साथ की जा रही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। घटना कोंच कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मारकंडेश्वर तिराहे की है। यहां रात को एक ईको वैन UP78 HT 2114 तेज रफ्तार से आ रही थी। जब वैन मारकंडेश्वर तिराहे के पास पहुंची, तभी सड़क पार कर रहे एक युवक को वैन के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर को देख आस पास लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने युवक को उठाया, मगर इस हादसे में युवक बाल बाल बच गया। वही मौके पर पहुंचे युवकों ने टक्कर मारने वाले वैन चालक को पकड़ लिया और उसकी बीच चौराहे पर ही जमकर पिटाई कर दी।इस मारपीट को देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वहीं इस मारपीट का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। स्थानीय पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वाहन चालक कौन था, साथ ही किन लोगों द्वारा चालक की पिटाई की गई है।

## हिस्ट्रीशीटर से पुलिस की मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के फलावदा में रिश्ता टूटने पर मंगेतर के भाई को घर बुलाकर गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर गिलेमान से पुलिस की शनिवार को मुठभेड़ हो गई।पुलिस आरोपी को आम के बाग में तमंचा बरामद करने के लिए ले गई थी। इसी दौरान आरोपी ने गड्ढे से तमंचा निकाल कर पुलिस टीम पर फायरिंग का प्रयास कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गिलेमान के दाएं पैर में गोली लग गई। मेरठ के रहने वाले अनस की बहन से फलावदा निवासी गिलमान उर्फ मोनू का रिश्ता तय हुआ था। अनस के परिवार वालों को मोनू के गलत चाल-चलन की जानकारी मिली। इसके बाद अनस के पिता ने रिश्ता तोड़ दिया। इसी के चलते गिलेमान आग बबूला हो गया। आरोपी ने मंगेतर के भाई अनस को मिलने के लिए घर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर अनस की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार को पुलिस आरोपी को तमंचा बरामद करने फलावदा स्थित एक बैग में लेकर पहुंची तभी आरोपी ने गड्ढे से तमंचा निकालकर पुलिस पर गोली चलाने का प्रयास किया इस दौरान आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई पुलिस की गोली पैर में लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को मवाना स्थित सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कर दिया। पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर के पास से एक तमंचा और कारतूस का खोखा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर फलावदा थाने में दर्जनों मुकदमे दायर है और आरोपी की हिस्ट्रीसीट भी खुली हुई है।

# झमाझम बारिश में सीएम योगी ने की गोसेवा

## सीएम योगी की आवाज सुन दौड़ते चले आए गोवंश

### गोवंश को दुलारकर गुड़ खिलाया गोरक्षपीठाधीश्वर ने

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद बुधवार सुबह झमाझम बारिश के बीच मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने भीगने की परवाह न करते हुए गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। बुधवार सुबह मानसून की पहली झमाझम बारिश के बावजूद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# चारदीवारी गिराने पर आठ के खिलाफ दर्ज हुआ केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नगर पंचायत के वार्ड नं -5 सहबाजगंज में मंगलवार को कुछ लोगों ने बाउंड्री वाल को गिरा दिया। पीड़ित की तहरीर पर सहजनवां पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है। सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नं -14 लुचुई निवासी ईश्वर चंद जायसवाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वार्ड नं- 5 सहबाजगंज में पत्नी और खुद के नाम से आठ डिसमिल भूमि बैनामा कराए हैं। राजस्व विभाग की पैमाईश के बाद बाउंड्री वाल चली थी। मंगलवार को आठ से अधिक पहुंचे लोगों ने बाउंड्री वाल को गिरा कर ध्वस्त कर दिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरा को तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी दिए। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया तहरीर पर जयशंकर, विवेकानंद ,अजय, अनीश, दिलीप ,रामप्रसाद, गणेश, संतोष के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# निर्माण कार्य करा रही युवती के पीलर को दबंगों ने गिराया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरडांड़ी निवासिनी प्रेमलता देवी पत्नी विजय गुप्ता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वर्तमान समय में अपने मायका हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली श्री मद्धेशिया के यहां रहती हूं , जहां पर हमने अपने गाटा संख्या 401 में तीन डिसमिल जमीन पर 25 जून को निर्माण कार्य करा रही थी कि हमारे जमीन के बगलगिर ग्राम पंचायत रामपुर गडथौली निवासी सूरज पुत्र मातादीन, मातादीन पुत्र अज्ञात , मातादीन की पत्नी और उनकी बेटी आकर हमारे निर्माण कार्य को रोकते हुए खड़ा किए गए पीलर को गिरा कर नष्ट कर दिए, मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान माल की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए, पीलर गिराते हुए का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि प्रेम लता देवी पत्नी विजय गुप्ता की तहरीर मिली है, जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# अरविंद यादव का चयन मंडी निरीक्षक पद पर होने खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा का परिणाम आने पर हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्कवलिया निवासी अरविंद यादव का चयन मंडी निरीक्षक पद पर हुआ इस चयन पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। और एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी है।अरविंद यादव ने सफलता का श्रेय पिता दयाराम यादव भाई बबलू इंद्रजीत मनीष यादव को दी है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा बाबा अवध दास इंटर कॉलेज सोनबरसा एवं सरस्वती विद्या मंदिर खलीलाबाद में हुआ था। अरविंद अभी वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक के पद पर स्वास्थ्य केंद्र नाथनगर में 5 वर्ष सेवा स्वास्थ्य विभाग में दिये है।

# अलग अलग विवाद में पुलिस ने नौ के खिलाफ दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। भीटी रावत निवासी बेजेश यादव पुत्र बैजनाथ यादव जो चौराहे पर किराए के मकान में रहता है। उसी में एक दंपत्ति भी रहता है। पत्नी बाजार कर घर आई तो विपक्षी गाली गलौज करते हुए मारे पीटे। पुलिस ने अनिल कुमार , कांति देवी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष के कांति देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी कुड़वा थाना चिलुआताल जो भीटी रावत चौराहा पर किराए के मकान में रहती है। विपक्षी उसे गाली गलौज करते हुए मारे पीटे। पुलिस ने बृजेश यादव, अंजली देवी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस डीजी कर लिया है। सहजनवा थाना क्षेत्र के शंभू शरण दुबे पुत्र महंथ दुबे निवासी तिलौरा को विपक्षी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता दे रहे थे। विरोध करने पर आधा। दर्जन की संख्या में आरोपी उन्हे लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने कल्पनाथ रामाज्ञा, विनाज्ञा, चंद्रभूषण, उत्तम, कुछ अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध कब्जा करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र जैतपुर में विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से पंडित जवाहर लाल इंटर कालेज जैतपुर के प्रधानाचार्य राम नवल पुत्र बहलोल यादव ने उपजिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराया था की आराजी संख्या 19 की भूमि पर दो लोगो ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसके लिए राजस्व टीम गठित कर मौके पर भेजा गया था। राजस्व टीम की रिपोर्ट आने पर एसडीएम ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराने का निर्देश दिया था। पुलिस ने मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद अल्ताफ के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 का केस दर्ज कर लिया है।

# किशोरी को बहला फुसला कर भगाने पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी जो गीडा थाना क्षेत्र के पराग डेरी के पास परिजन के साथ रहती थी। छपिया निवासी एक युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपी विनय कुमार निवासी छपिया के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

# किसानों को दी गयी उत्तम खेती की जानकारियां

### वैज्ञानिकों ने जैविक खाद का उपयोग कर आय बढ़ाने के गुर सिखाए

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। प्रदेश स्तर पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर के कृषि विभाग के मार्केटिंग अधिकारियों को लखनऊ के ग्रामीण विकास बैंकर संस्थान में किसानों की आय कैसे बढ़ायें इसके लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है इसी कड़ी में विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गौरीपुर में संचालित खेत किसान प्रो कंपनी लिमिटेड के द्वारा क्षेत्रीय किसानों को उन्नत खेती में आय बढ़ाने तथा कृषि कार्यों में जैविक खाद का उपयोग कर विभिन्न तकनीकी जानकारियां देने के लिए संस्थान के पदाधिकारी प्रशांत दुबे के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशक श्यामू दुबे अर्जुन सिंह ललिता देवी ने क्षेत्रीय किसानों को कृषि कार्यों के दौरान शोधित किये गये उन्नतशील बोजो एवं जैविक खाद का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर कृषि कार्यों में आमदनी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां दी इस मौके पर अनिल कुमार मनमोहन सिंह प्रमोद कुमार समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय किसानों एवं महिला कृषको की मौजूदगी रही।

# बीमारियों को रोकने के लिए की गई बैठक

## नगर पालिका अध्यक्ष बोले – अतिक्रमण हटाए, जिससे क्षेत्रों की सफाई अच्छे से हो सके

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर नगर में अतिक्रमण, पॉलिथीन प्रयोग पर रोक लगाने व संचारी रोग के विरुद्ध पालिका सभागार में बैठक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह व अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभासदों ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि सभी नागरिक अतिक्रमण के विरुद्ध सहयोग करें। ताकि नगर की सफाई व आवागमन व्यवस्था बेहतर बने। व्यापारी नेता राजेश चौहान ने कहा कि नगर की सीमाओं पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए। समय-समय पर नगर वासियों को वाहन अधिनियम के प्रति जागरुक किया जाए। सभासद शफीक चौधरी ने नगर के नाले-नालियों की बेहतर सफाई तथा गली मोहल्लों में संचारी रोग के विरुद्ध कीटनाशक छिड़काव की आवश्यकता का प्रस्ताव रखा। भाजपा नेता, पूर्व सभासद संजय श्रोत्रिय ने पॉलिथीन के विरुद्ध नागरिकों की जागरुकता के साथ-साथ प्रभावी कार्रवाई हेतु कारखाने में उत्पादन बंद किए जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में सभासदों व आमजन द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने निर्देश दिए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर ने कहा कि सभी प्रस्तावों को बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

बैठक में सभासद नीरज त्यागी, रहीस सैफी, जितेंद्र भास्कर, शफीक चौधरी, हसरत अब्बासी, पुष्पा देवी, सरिता आर्य, दिलशाद, नितिन सिंघल, असित त्यागी, दीपक कुमार, सुजीत कुमार, योगराज राठी, तौसीफ अहमद, संजय श्रोत्रिय, विकास गुप्ता, विनोद कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश चौहान, रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय कश्यप, हिंद जरसेवा शिक्षा प्रचार समिति अध्यक्ष ललित विवेदी, उन्नति महिला सेवा संस्थान अध्यक्ष रीता आर्य आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत लेने वाला सिपाही सस्पेंड

- ठेले वालों से कर रहा था अवैध वसूली, वीडियो आने पर एसएसपी ने किया सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, बुंलदशहर के खुर्जा क्षेत्र में चाऊमीन बर्गर लगाकर गुजर बसर करने वाले युवक से सिपाही ने अवैध वसूली की। इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो को संज्ञान लेकर एसएसपी ने जांच के बाद आरोपी सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दो दिन पूर्व बर्गर की ठेली लगाने वाले युवक से सिपाही द्वारा रुपए लेने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमे की छवि धूमिल हुई है। खुर्जा क्षेत्र में तेलिया घाट इलाके में बर्गर चाऊमीन की ठेली लगाने वाले युवक राजेश ने तहरीर देकर बताया था कि नगर की सवारन पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही गब्बर सिंह पिछले काफी समय से उससे महीनेदारी ले रहा था। आरोपी सिपाही पीड़ित युवक को लगातार झूठे केस में जेल भेजने की धमकी दे रहा था। जिससे डरते हुए वह लगातार हर महीने रुपए दे रहा था। 2 दिन पूर्व सिपाही द्वारा अवैध वसूली का वीडियो वायरल हुआ था। मामले में पीड़ित युवक राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में एसपी श्लोक कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिपाही गब्बर सिंह को सस्पेंड करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा विभागीय जांच के भी निर्देश दिए हैं।

# सिकंदराबाद में महापंचायत का हुआ आयोजन

## बोले – किसान नेता गलत रिपोर्ट देकर किसानों और सरकार के बीच खाई बना रहे अधिकारी

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, सिकंदराबाद क्षेत्र के गांव सराय दूल्हा में चोला जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया। आयोजित महापंचायत जमीनों पर कब्जे के लिए शासन की ओर से जारी आदेश को लेकर की गई थी। क्षेत्र के गांव सराय दूल्हा स्थित मंदिर परिसर में किसान सेवा समिति के बैनर तले महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष व किसान सेवा समिति के संयोजक अजीत सिंह दौला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह अयोध्या में जमीन अधिग्रहण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने गलत रिपोर्ट देकर प्रदेश सरकार को गुमराह किया था। नतीजतन लोकसभा चुनाव में सरकार को फैजाबाद सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। ठीक उसी तरह करीब ढाई दशक से लंबित चोला जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारी गलत रिपोर्ट देकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। अधिकारी सरकार और किसानों के बीच खाई बनाने का कार्य करते आ रहे हैं।

# सीतापुर में जिला पंचायत सदस्य ने वार्डबॉय को पीटा

- शवगृह में शव दिखाने को लेकर हुआ था विवाद, डॉक्टरों ने आधे घण्टे की हड़ताल

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में देर रात जिला अस्पताल में शव रखने को लेकर मृतक के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों से हाथापाई कर दी।

इस हाथापाई के विरोध में अस्पताल के डॉक्टरों ने इमरजेंसी सहित अन्य सेवाओं को रोककर हड़ताल कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने सीएमएस सहित अन्य डॉक्टरों से वार्ता कर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर हड़ताल को खत्म कराया। पीड़ित अस्पताल कर्मियों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। मामला कोतवाली नगर इलाके के सदर जिला अस्पताल का है। यहां मानपुर के चौबेपुर गांव निवासी रामसागर अवस्थी शनिवार देर रात टेंपों से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में टेंपों पलट गया, जहां रामसागर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन रामसागर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान खैराबाद इलाके के जिला पंचायत सदस्य अनूप त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। शव को मोर्चरी में रख रहे वार्ड बॉय पुनीत और कामरान से विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि जिला पंचायत सदस्य ने दोनों को पीट दिया। जिला अस्पताल कर्मियों की पिटाई की सूचना अस्पताल में पहुंचते ही डॉक्टर और स्टॉफ ने इमरजेंसी वार्ड को बंद कर हड़ताल का ऐलान कर दिया।

## संक्षेप

### अटल भूजल योजना के तहत जलवीरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। अटल भूजल योजना के तहत ब्लाक सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जलवीर, स्वयं सहायता की महिलाओं एवं प्रगतिशील कृषकों को अटल जल एप्लीकेशन, कृषि में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने जल की बबार्दी रोकने के प्रति आगाह किया। ब्लॉक सभागार में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान मौदहा ने संपन्न कराया। इसमें जलवीर, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के अलावा प्रगतिशील कृषकों को अटल भूजल योजना के तहत ग्राम पंचायत में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अटल जल एप्लीकेशन, डी डब्ल्यू आर एल, कृषि क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के उपयोग से होने वाले फायदों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर को जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार, नोडल अधिकारी योगेश कुमार, कृषि विशेषज्ञ आनंद सिंह, खंड समन्वयक रामजी मिश्रा आदि ने संबोधित करके महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से लड़की की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी लड़की के विद्युत करेंट की चपेट में आने से परिजनों ने इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। क्षेत्र के जमरेही उपर गांव निवासी लड़की गुड़िया देवी 15 वर्ष पुत्री फूलचंद्र को विद्युत आपूर्ति के दौरान करेंट लग जाने से परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना की सूचना अस्पताल द्वारा थाना पुलिस को दी गई है।

### सार्वजनिक जगह पर शौचालय निर्माण कराए जाने के खिलाफ शिकायत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान ने सार्वजनिक स्थान पर शौचालय निर्माण कराए जाने के खिलाफ पुलिस अधीक्षक सहित थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के झलोखर ग्राम प्रधान श्री मती गायत्री देवी शिवहरे पत्नी ललितमोहन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव निवासी रामगोपाल यादव पुत्र स्वामीदीन सार्वजनिक स्थान पर शौचालय का निर्माण कर रहा है। मना करने पर वह नही मान रहा है। गांव निवासी बब्बू द्वारा इसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। लेकिन वह नहीं मान रहा है। ग्राम प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई ना बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। वन विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आबकारी निरीक्षकगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी राहुल पांडे ने सड़क दुर्घटनाओं पर होने वाली मौतों पर गहरी चिन्ता व नाराजगी व्यक्त करते हुए नशा कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के ड्राईविंग लाइसेन्श निरस्तीकरण तथा संबंधित वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन को देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया जाए तथा समझाने के बावजूद भी हेलमेट न लगाने वालों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि जनपद की मुख्य सड़कों के आबादी भागों में, चौराहों पर सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। आबादी क्षेत्र में, तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए। सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण/ अवैध पार्किंग हटाए जाने हेतु प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। 18 वर्ष से कम की आयु के रिक्शा चालकों पर कार्यवाही/वाहन सीज करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट / गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तथा दुर्घटना पूर्व, दुर्घटना होने पर तथा दुर्घटना पश्चात उससे निपटने की कार्ययोजना तैयार कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं। बड़ी संख्या में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अमिताब राय,, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोटर फुकने के चलते कॉलोनी में पेयजल की किल्लत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा के भोली रोड स्थित कांशीराम आवासीय को पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप की मोटर पंप फुंक जाने से कालोनी में निवास करने वाले लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। भोली रोड के पास कांशी राम आवास बने हुए हैं। इनमे सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। इनके पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप लगा हुआ है। जिसका मोटर पंप दो दिन पूर्व जल गया था। जिसको अभी तक ठीक नही कराया गया है। इस कालोनी के वाशिंदों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगे हैंड पंप भी खराब पड़े हैं। लोग पेयजल के लिए दूर दूर तक जाने को मजबूर हो रहे हैं। कालोनी निवासी रामू गुप्ता, विनोद तिवारी, राकेश, आदि ने बताया कि पेयजल आपूर्ति न मिल पाने से खेत में लगे निजी नलकूप से पेयजल की व्यवस्था करना पड़ रहा है। कालोनी के वाशिंदों ने नलकूप का मोटर पंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

# किताबें आत्मा का दर्पण हैं - डॉ. राजेश्वर सिंह

**6 मिनट किताब पढ़ने से घटा जाता है 68% तक तनाव, बढ़ती है मस्तिष्क की कार्यक्षमता – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**किताबें बौद्धिक विकास के साथ मानसिक स्वास्थ्य लिए भी वरदान हैं – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**उपलब्धता, संवाद एवं समस्याओं का समाधान के संकल्प के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह ने की जनसुनवाई, मेधावी छात्र टैब देकर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आरडब्ल्यूए को पुस्तकालय दान करने की पहल के अंतर्गत बुधवार को अपने आशियाना आवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपनी विधानसभा क्षेत्र के 5 आरडब्ल्यूए सेलिब्रिटी गार्डन, पैराडाइस क्रिस्टल, सरयू एन्क्लेव, गोमती एन्क्लेव, कृष्णलोक कॉलोनी की रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटीज को लाइब्रेरी की स्थापना के लिए ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान से सम्बंधित पुस्तकें प्रदान कर की। इस अवसर पर उपस्थित आरडब्लूए सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि किताबों जितना वफादार कोई दोस्त नहीं होता, उपहार के रूप में किताब देना आपकी संवेदनशीलता, विचारशीलता और देखभाल के भाव के एक गहरे संकेत के रूप में प्रदर्शित होता है। दुनिया में एकमात्र सच्ची बराबरी किताबें हैं; लाइब्रेरी सभी आने वालों के लिए एकमात्र खुला खजाना है; एकमात्र धन जो नष्ट नहीं होगा वह ज्ञान है; एकमात्र गहना जिसे आप कब्र से परे ले जा सकते हैं वह ज्ञान है। पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं, जो हमें जीवन जीने का तरीका सिखाती हैं। किताबे सबसे शांत और सदाबहार दोस्त हैं; ये सबसे सुलभ और बुद्धिमान काउंसलर हैं, और सबसे धैर्यवान शिक्षक हैं।

विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि किताबें पढ़ने का महत्व मुझे तब समझ आया जब मैं सिविल सेवा की तैयारी कर रहा था। मैं हमेशा संदर्भित पुस्तकें पढ़ता हूं और पुस्तकालयों में जाना भी पसंद करता हूँ। पुस्तकालयों की स्थापना के विषय में बात करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय मायने रखते हैं! 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में, एक बड़ी आबादी अपने मौलिक अधिकारों से अनभिज्ञ है और उन्हें हमारे समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी नहीं है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, देश भर में 54,856 सार्वजनिक पुस्तकालय हैं, पुस्तकालय हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने वाली जानकारी, अधिकारों के बारे में ज्ञान और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके इन अंतरालों को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

भारत में प्रिंट मीडिया की ऐतिहासिक भूमिका पर बात करते हुए विधायक ने कहा कि भारत में छपाई लगभग चौथी शताब्दी ईस्वी में बौद्ध धर्मग्रंथों के लिए उपयोग की जाने वाली वुडब्लॉक तकनीक से शुरू हुई, पंजाब केसरी और द हिंदुस्तान टाइम्स जैसे समाचार पत्रों ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1780 में स्थापित बंगाल गजट ने भी इस अवधि के दौरान जनमत को आकार देने और राष्ट्रवादी भावनाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसलिए, एक मजबूत सार्वजनिक पुस्तकालय बुनियादी ढांचा जागरूक और सक्रिय नागरिकों के इस समूह को तैयार करने में काफी मदद कर सकता है।

पुस्तकालय के लाभ पर चर्चा करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पुस्तकालयों के माध्यम से बौद्धिक विकास और ज्ञान विस्तार सुनिश्विचित होता है, पुस्तकालय विविध विषयों पर व्यापक ज्ञान प्राप्ति तथा पेशेवरों द्वारा तैयार की गई विश्वसनीय जानकारी लोगों तक पहुंचाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। पुस्तकालय समुदायिक भावना को बढ़ावा देते हैं, पुस्तकलय सामाजिक संपर्क और विचार विनिमय को प्रोत्साहित करते है, आयोजनों और कार्यशालाओं के माध्यम से अपनेपन की भावना पैदा करते है, सभी तक पहुंच प्रदान करके समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। समाज में बढती इंटरनेट और मल्टीमीडिया स्क्रॉलिंग की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि 88 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकताओं और 71% स्मार्टफोन पहुंच दर के साथ, भारतीय प्रतिदिन छह घंटे से अधिक इंटरनेट पर बिताते हैं, जो विश्व स्तर पर सबसे अधिक है। औसत भारतीय हर महीने 24.1 जीबी मोबाइल डेटा का उपभोग करता है, भारतीय अक्सर इंटरनेट एक्सेस के लिए प्रति घंटा डेटा पैक भी खरीदते हैं। लाइब्रेरी अनावश्यक रूप से मोबाइल स्क्रॉल करने के विकल्प के रूप में फुर्सत में पढ़ने को प्रोत्साहित करती है, जानकारियों के ध्यानपूर्वक उपभोग को बढ़ावा देती है।

लाइब्रेरी के कारण स्वास्थ्य लाभ पर चर्चा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि लाइब्रेरी तनाव को कम करती हैं; छह मिनट तक पढ़ने से तनाव 68% तक कम हो जाता है, संज्ञानात्मक जुड़ाव के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, नए विचारों और जटिल आख्यानों के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। विधायक ने आगे जोड़ा कि लाइब्रेरी डिवीजन से अधिक ज्ञान को बढ़ावा देती हैं, लाइब्रेरी ज्ञान के लिए पढ़ने को प्रोत्साहित करती हैं, शिक्षा, ज्ञानोदय और सामाजिक बेहतरी के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिंह ने पढने के लिए कुछ प्रसिद्ध प्रेरणादायक पुस्तकें जिनमें हिंदी की पुस्तकें रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी, सुभद्रा कुमारी चौहान की कादम्बिनी और रबीन्द्र नाथ टैगोर की गीतांजलि, अंग्रेजी में डॉ. अब्दुल कलाम की विंग्स ऑफ फायर, रॉबिन शर्मा की द मॉन्क हू सेल्ड हिज फेरारी, पाउलो कोएल्हो की अलकेमिस्ट तथा भगवत गीता और रामायण का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अवसर पर सेलिब्रिटी गार्डन के एक्सिक्यूटिव मेंबर अरुण कुमार, पैराडाइज क्रिस्टल के जनरल सेक्रेटरी अमित तिवारी, एक्जीक्यूटिव मेंबर डीपी सिंह, सरयू एनक्लेव की प्रेसिडेंट मीना सिंह, गोमती एनक्लेव के वाइस प्रेसिडेंट विवेक राय, सेक्रेटरी श्वेता तिवारी, मेंबर संजय पंजाबी तथा कृष्णलोक कॉलोनी के सेक्रेटरी डॉ अजीत कुमार उपस्थित रहे।

**सुनीं जनता की समस्याएँ, मेधावी को टैब देकर किया सम्मानित –**

बुधवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पराग चौराहा आशियाना स्थित अपने कार्यालय पर बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों की समस्याएँ सुनीं और उनके शीघ्र व प्रभावी समाधान के लिए आश्वस्त किया, इस दौरान सेक्टर ल, आशियाना निवासी मेधावी छात्र रवि यादव को टैब प्रदान कर सम्मानित भी किया और नेशनल सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली अनुकृति सिंह चौहान को भी सम्मानित किया।

# ट्रक ने बाइक सवार दम्पति को कुचला, पति पत्नी की मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों की पुलिस से हुई नोकझोंक**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जरिया थाना के चंडौत गांव में बेतवा नदी पुल के पास बुधवार दोपहर एक ट्रक चालक ने बाइक सवार दंपती को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें पति की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना में गंभीर रूप से घायल पत्नी ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतकों के गांव से आये दर्जनों ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर पुलिस के साथ मारपीट व पथराव करना शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थित को कंट्रोल किया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।

जालौन जनपद के आटा थाना क्षेत्र के कहटा गांव निवासी रमाकांत उर्फ लल्ला राजपूत 38 वर्ष पुत्र रामभरत अपनी पत्नी गीता देवी 35 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर हमीरपुर जनपद के जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। वह बेतवा नदी पुल पार कर जरिया थाना के चंडौत डांडा गांव के दानी बाबा घाट के पास पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक ट्रक के नीचे आ गई और बाइक चालक रमाकांत ट्रक के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गए। जिससे रमाकांत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गीता देवी के पैर ट्रक के नीचे आने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल गीता को उरई मेडिकल कॉलेज भेजा जहां इलाज के दौरान गीता ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। इसी बीच मौका पाकर ट्रक चालक फरार हो गया।

घटना की सूचना के बाद नदी उस पार स्थित आटा थाना के कहटा गांव निवासी मृतक दंपति के गांव से भारी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण घटना स्थल पर पहुँच गए और पत्थर बाजी कर पुलिस साथ अभद्रता करते हुये जाम लगाने की कोशिश की। मगर पुलिस ने बल प्रयोग कर ग्रामीणों को खदेड़ दिया। मौके पर चंडौत डांडा के चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मियों के साथ ग्रामीणों की नोकझोंक व मारपीट की स्थिति को देखकर जरिया व जलालपुर पुलिस को भी बुला लिया गया। मौके पर पंहुची पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर कर शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक दंपति अपने पीछे एक पुत्र एस भरत 16 वर्ष व एक पुत्री विपाशा 12 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा मारपीट व पथराव करने की बात से इंकार किया है।

# ब्लॉक मुख्यालय बामौर में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव






गरौठा, झांसी। ब्लॉक सभागार बामौर में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन मौजूद रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान सिंह ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद क्षेत्र पंचायत द्वारा विभिन्न क्षेत्र पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई, एवं आगामी विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कार्ययोजना के प्रस्ताव लिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि आरपी निरंजन ने कहा की प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा जिसमें सभी पात्र व्यक्ति उक्त योजनाओं का लाभ अवश्य ले। खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की अधिक से अधिक पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने कहा की वह अपने क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की जल्द ही 11 सदस्यीय टीम के साथ लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी और क्षेत्र पंचायत के विकास का एजेंडा तैयार किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग से निखिल तिवारी ने विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, शादी अनुदान योजना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर ओपी राठौर ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विस्तार से बताया। अंत में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारियो सहित शेरसिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, हेमन्त यादव, रामकुमार सेन, जसवंत, राजेश यादव, शरण पाल, संतोष कुमार, मनीष, किशन कुमार, यशपाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने एमएनसीयू/ एमएनबीएसयू के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अमेठी के आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किये गये एमा०एना०सी०यू०/ एम०एन०बी०एस०यू० के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता किया। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज, जगदीशपुर, अमेठी, बाजार शुकुल में 02-03 बेड का एम०एन०बी०एस०यू० एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई, मुसाफिरखाना, शाहगढ़, संग्रामपुर, भेटुआ, भादर, जामों, सिंहपुर में 02-03 बेड एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज, जनपद अमेठी में 16 बेड का एम०एन०सी०यू० (टंझी१ल्लं ल्लीढ्ढ्ह्न१ल्लू१ी ४ल्ल३) की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स व प्रसव कार्य हेतु नामित अन्य स्टाफ को राज्य स्तरीय कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब (सी०ई०एल०) टीम द्वारा एम०एन०सी०यू०/कंगारू मदर केयर का प्रशिक्षण प्रदान करा दिया गया है। जनपद में एम०एन०सी०यू० / एम०एन०बी०एस०यू० की स्थापना से नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को नजदीकी चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सालयों में पैदा होने वाले कम वजन के बच्चों को तत्काल एम०एन०सी०यू० में भर्ती कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी जिससे उनकी बेहतरीन देखभाल हो सके। इस अवसर पर के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी एम०एन०सी०यू०. डॉ राम प्रसाद समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एम०एन०सी०यू० के निर्माण व संचालन में वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही संस्थान कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब के प्रतिनिधि व जनपद के सम्मानित पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# सदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा का शव घर में मिला

अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के बेसारा पश्चिम गांव घर के अंदर सदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर वृद्धा का शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। मृतका के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेसारा पश्चिम गांव निवासी राम सजीवन मौर्य पुत्र हरि भजन मौर्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनकी माता माधुरी उम्र करीब 60 वर्ष पत्नी हरि भजन मौर्य व उनकी बहन शीला के साथ गांव के दूसरे मकान में रहती थी। जिन्हे प्रतिदिन भोजन दूसरे घर में रहने वाले सदस्य पहुंचाते रहे हैं। 24 जून की दोपहर में परिजन खाना देकर आए और दोनो घर के अंदर चली गई। और व्यस्तता के कारण ध्यान नहीं दिया और वापस लौट आया। बुधवार को दोपहर बाद बहन शीला घर से बाहर निकल गई तब घर के अंदर जमीन पर पड़े पुआल पर माधुरी मृत अवस्था में मिली परिजन के मुताबिक किसी जहरीले जंतु के काटने से वृद्धा की मौत हुई है। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक शीला मानसिक रूप विक्षिप्त है जिसकी देखभाल भी मां माधुरी ही करती थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# 21 दिव्यांगो को वितरित की गई खाद्य सामग्री किट, खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर। बुधवार को महमूदाबाद तहसील सभागार में 21 निर्धन दिव्यागों को खाद्य सामाग्री किट का वितरण किया गया। खाद्य सामाग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। मंगलवार को महमूदाबाद स्थित तहसील सभागार में क्षेत्रीय 21 दिव्यांगजनों को खाद्य सामाग्री किट का वितरण एसडीएम शिखा शुक्ला के द्वारा किया गया। खाद्य सामग्री किट में 35 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, 3 किलो दाल, 3 किलो सरसों का तेल, 1 किलो नमक, चायपत्ती, धनिया और मिर्च थी। खाद्य सामग्री किट पाने वाले दिव्यांग लाभार्थी मनोज पुत्र कमलेश निवासी पैतेपुर, कुलदीप राठौर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी पैतेपुर, जब्बार अली पुत्र हसमत अली निवासी ग्राम तकिया, जाफर पुत्र मजीद निवासी मोतीपुर, रफीक पुत्र कल्लू निवासी कटरा, केवला देवी पुत्री नन्दलाल निवासी मालसरॉय, बलराम पुत्र सुकई निवासी मालसरॉय, अनवर पुत्र मुन्ना निवासी महमूदाबाद, राकेश पुत्र सर्वजीत निवासी भरहरमऊ, रमेश पुत्र गुरूदीन निवासी भरहरमऊ, राजकुमारी पुत्री गुरूदीन निवासी बाबूपुर, खैरूल्निशां पत्नी मासूम अली निवासी बाबूपुर, अजीम पुत्र सलीम निवासी मुर्तजानगर, केतकी पत्नी मयाराम निवासी बरगादिया, ज्ञानवती पत्नी राजाराम निवासी बरगदिया, सुनीता पत्नी शिवबरन निवासी लोधासा, मनोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी शाहिनपुर, मौजीलाल पुत्र मैकू निवासी मीरानगर, उस्मान पुत्र खलील निवासी मीरानगर, सलमा पुत्री नईम निवासी गुलरामऊ, इस्लामुद्दीन पुत्र फकीरे निवासी पैंगम्बरपुर शामिल रहे। लाभार्थियों द्वारा उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को धन्यवाद व्यक्त किया गया है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।

# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब



वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।

**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं।



अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।